डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

बुधवार

06 मार्च 2024



सीएम नीतीश कुमार ने एमएलसी के लिए किया नामांकन

2



## कैबिनेट का फैसला... 1.5 करोड़ किसानों को योगी सरकार ने दिया होली गिफ्ट

# निजी नलकूप पर 100% बिजली बिल माफ

- सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने लिया निर्णय, निजी नलकूप पर नहीं देना होगा बिजली बिल
- एक अप्रैल 2023 से प्रदेश भर में लागू होगी योजना, किसानों को मिलेगा योजना का पूरा लाभ
- अप्रैल 2023 से पहले के बकाये के लिए योगी सरकार लाएगी ब्याज रहित व आसान किस्त वाली योजना

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा प्रदान किया है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने चुनावों के समय ही किसानों से निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था। अब सरकार ने मंगलवार को इस पर निर्णय लेकर अपना वादा पूरा कर दिया है।

कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उसी घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को अपना वादा निभाते हुए छूट से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। उन्होंने बताया कि हमारे ही कार्यकाल में लगभग 200 ग्राम पंचायतों को हमने नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए हमने शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह दोनों ही प्रकार के कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा।

**प्रदेश के 6-7 करोड़ लोग होंगे लाभान्वित:** एके शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2023-24 में मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसी प्रकार 2024-25 के बजट में भी इसके लिए 1800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हमारे पास धन भी है और सारी व्यवस्थाएं भी जिससे हम किसानों को लाभान्वित कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ ही कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी किसानों के हित को देखते हुए लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सीएम योगी का आभार जताया है।



### लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी का होगा शुभारंभ

योगी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी. मेट्रो संचालित की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके माध्यम से योगी सरकार लखनऊ में आवागमन को और सुगम व सुविधाजनक बनाएगी। इस पर लगभग 5801 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जबकि इसको 30 जून 2027 तक इसको पूर्ण किए जाने की अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इसके तहत कुल 12 स्टेशन निर्धारित हैं, जिसमें 5 एलीवेटेड और 7 भूमिगत होंगे। इसमें 4.286 किमी. एलीवेटेड और 6.879 किमी. भूमिगत लाइन होगी।

### अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयले की खदान एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।

### प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी

सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। पॉलिसी में आने वाले 4 साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नीति की समयावधि 5 वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपए सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। ऐसे उद्योगों को 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे। अन्य राज्यों में भेजने या मंगाने पर भी 100 प्रतिशत तक बिलिंग और ट्रांसमिशन चार्जेस में छूट मिलेगी। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी 100 प्रतिशत छूट का प्राविधान किया गया है।

### एससीआर गठन के अध्यादेश को भी मिली मंजूरी

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। **गोरखपुर में राप्ती पर 222 करोड़ से बनेंगे दो पुल:** कैबिनेट ने गोरखपुर में राप्ती नदी पर दो पुलों के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस पर 222 करोड़ रुपये की लागत आएगी। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम पर इन पुलों का निर्माण होगा। गोरखपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 सोनौली-नौतनवां-गोरखपुर मार्ग पर धर्मशाला पुल से पांडेहाता चौराहे तक मार्ग को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन चौड़ा करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है।

## 14-15 मार्च को हो सकता है लोकसभा चुनावों का ऐलान

- 2019 की तरह ही 7 चरणों में ही हो सकते हैं चुनाव
- अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए वोटिंग संभव





**एजेंसी/नई दिल्ली**

चुनाव आयोग 14-15 मार्च को लोकसभा चुनावों का ऐलान कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक 2019 को लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी 7 चरणों में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। खबर है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए वोटिंग हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की ऐलान होगा। सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग की टीम अभी पश्चिम बंगाल में है. इसके बाद बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। जानकारी के मुताबिक निर्वाचन अधिकारी 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेंगे। इस बीच इलेक्शन कमीशन सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार मीटिंग कर रहा है। चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर सकता है। इसके लिए आयोग एक विभाग भी बना सकता है, जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करके उन्हें हटाने का काम करेगा।

## हजारीबाग में डॉक्टर ने दो बेटियों को जहर देकर कर ली आत्महत्या

**एजेंसी/रांची**

झारखंड के हजारीबाग जिले में सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बिष्णु पुरी इलाके में सोमवार दोपहर एक डेंटल सर्जन राज कुमार (40) ने अपनी दो नाबालिग बेटियों को जहर देने के बाद आत्महत्या कर ली। दोनों लड़कियों की भी मौत हो गई। पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार कुमार ने अपनी दो बेटियों, अन्वी राज (8) और आध्या राज (5) को जहर देने के बाद अपनी कलाई की नसें काट लीं। कुमार का क्लिनिक हजारीबाग शहर के व्यस्त नवाबगंज इलाके में स्थित है। उसकी पत्नी चांदनी देवी, अपने तीन साल के बेटे रंजीत सहित अपने तीन बच्चों के साथ एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए अपने माता-पिता के घर गई थीं, उसी समय डॉक्टर वहां पहुंचा। उसने अपनी दो बेटियों को उपहार खरीदने के बहाने अपने स्कूटर पर बैठाया। वह उन्हें अपने आवास पर ले गया और घटना को अंजाम दिया।

## अभिनव सिंघल अपहरण केस में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी करार

### सजा के बिंदु पर कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**केटी न्यूज/जौनपुर**

अभिनव सिंघल अपहरण केस में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी करार दिए गए हैं। इस मामले में बुधवार को सजा पर फैसला होगा। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के 10 मई 2020 को हुए अभिनव सिंघल के अपहरण और रंगदारी के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम को अपर सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट शरद त्रिपाठी ने दोषी ठहराया है। सजा पर सुनवाई बुधवार को होगी। मुजफ्फरनगर के रहने वाले अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को थाना लाइनबाजार में अपहरण रंगदारी व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी विक्रम पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि संतोष विक्रम दो साथियों के साथ अभिनव सिंघल का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गए थे। वहां धनंजय सिंह ने कार्य मे कम गुणवत्ता पर दबाव बनाया। इंकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगी।

इस प्रकरण में मुकदमा होने के बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह गिरफ्तार हुए थे और बाद में जमानत पर थे। पिछली तारीख पर धनंजय व संतोष विक्रम ने आरोप मुक्ति प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा था कि वादी पर दबाव डालकर मुकदमा दर्ज करवाया गया। उच्चाधिकारियों के दबाव में कोर्ट में केस डायरी दाखिल की गई। वादी ने पुलिस को दिए बयान व धारा 164 के बयान में घटना का समर्थन नहीं किया है। शासकीय अधिवक्ता ने लिखित आपत्ति किया कि वादी की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ।

## युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है पेपर लीक कांग्रेस तैयार करेगी फुलप्रूफ प्लान: राहुल गांधी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पेपर लीक का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना लेकर आएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्होंने कहा, पेपर लीक का मुद्दा न केवल उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अभिशाप बन गया है।₹ उन्होंने कहा, बीते सात वर्षों में ही 70 से ज्यादा पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से ज्यादा छात्रों का सपना तोड़ा है। इससे न सिर्फ भविष्य का निर्माण करने वालों के कीमती साल बर्बाद हो रहे हैं, बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। राहुल गांधी ने आगे कहा, लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेस के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजहें हैं- बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका अधीनस्थ सेवा चयन आयोग। उन्होंने आगे कहा, सभी से मिले सुझावों के आधार पर कांग्रेस युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक ठोस और फुलप्रूफ प्लान तैयार कर रही है और बहुत जल्द हम आपके सामने विजन रखेंगे। हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। युवाओं का भविष्य 'इंडिया' (विपक्षी गठबंधन) की प्राथमिकता है।

वहीं, कांग्रेस महासचिवजयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अन्याय के दौर में बार-बार होने वाले पेपर लीक घोटालों से प्रभावित अभ्यर्थियों की संख्या चौंकाने वाली है। रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार न केवल केंद्र में दस लाख रिक्त पदों पर भर्ती करेगी। बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का दिया आदेश

# संदेशखाली में ईडी पर हुए हमले की जांच सीबीआई करेगी

**एजेंसी/कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए। चीफ जस्टिस टी एस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्देश दिया कि आदेश का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। उधर, पश्चिम बंगाल सरकार ने संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच के निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

ईडी और राज्य सरकार दोनों ने सिंगल बेंच के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं। इसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को ट्रांसफर की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए। हाईकोर्ट की ओर से यह आदेश दिये जाने के एक दिन बाद राज्य पुलिस ने टीएमसी नेता शेख को गिरफ्तार किया था कि महिलाओं पर कथित यौन अत्याचार और संदेशखालि में जमीन हड़पने के मुख्य आरोपी शेख को सीबीआई, ईडी या पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है।

### क्या है संदेशखाली का मामला

5 जनवरी, 2024 को इडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। नेता शेख शाहजहां फरार हो गया था। इस दौरान अधिकारियों पर भी हमले किए गए थे। इसके बाद से ही लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुल कर सामने आ गए। गांव के लोग शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हो रही है। संदेशखाली की महिलाओं ने वहां के टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया। महिलाएं विरोध में प्रदर्शन करने और धरने देने लगीं। आक्रोशित महिलाओं ने शाहजहां के करीबी विश्वासपात्र और टीएमसी नेता शिबू हाजरा के खेत और पॉल्ट्री फॉर्म में आग भी लगा दी। आरोप है कि पॉल्ट्री फॉर्म गांव के लोगों की जमीन छीनकर उसपर अवैध तरीके से बनाया गया। ये कई तरह के अवैध कार्यों का सेंटर था।

उधर, पश्चिम बंगाल सरकार ने संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच के निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के सामने याचिका का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार जनरल के सामने इसका उल्लेख करने के लिए कहा है।



## जदयू उम्मीदवार के तौर पर सीएम नीतीश ने किया नामांकन, बीजेपी के नेता रहे मौजूद

# नीतीश ने एमएलसी के लिए भरा पर्चा

- विधान परिषद सदस्य के तौर पर सीएम नीतीश कुमार का 6 मई तक कार्यकाल है
- जेडीयू की दूसरी सीट के लिए खालिद अनवर ने किया नामांकन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में विधान परिषद की खाली हो रही 11 सीटों के लिए नामाकंन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संख्या बल के हिसाब से जेडीयू के खाते में दो सीटें आई हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। विधान परिषद सदस्य के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगामी 6 मई तक कार्यकाल है। नीतीश कुमार जल्द ही विदेश दौरे पर जाने वाले हैं ऐसे में विदेश जाने से पहले उन्होंने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। उनके साथ जेडीयू की दूसरी सीट के लिए खालिद अनवर ने भी अपना नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। इस मौके पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के अलावे एनडीए के सहयोगी दलों के नेता और मंत्री भी मौजूद रहे।



बता दें कि बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है। विधान परिषद की खाली होनेवाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होनेवाला है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हम नेता संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर व रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। चुनाव आयोग के तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, विधान परिषद की रिक्त होनेवाली सीटों पर नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च तक की गई है। उसके अगले दिन यानी 12 मार्च नामांकन की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापस लिए जाएंगे और 21 मार्च को इसके लिए चुनाव की तारीख तय की गई है। इसी दिन देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

## सम्राट चौधरी से मिले जदयू विधायक गोपाल मंडल

**पटना।** जदयू विधायक गोपाल मंडल मंगलवार को बीजेपी दफ्तर पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान गोपाल मंडल ने लोकसभा सीट को लेकर भागलपुर से दावा ठोका। मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की लोकसभा का टिकट मेरे पॉकेट में है। कहा की जो बात करनी थी वह हो गयी है। चुनाव जदयू कोटे से भागलपुर से ही लड़ूंगा और जीतूंगा। गोपाल मंडल ने कहा हम क्षेत्रीय नेता है। भागलपुर का राजनीती करता हूं। टिकट किससे मांगेगे। हम एकाध टिकट इधर उधर करते हैं। कहा की बुरे दिन से लेकर अच्छे दिन तक नीतीश कुमार के साथ रहे हैं। मौत तक उनके साथ रहेंगे। गोपाल मंडल ने कहा की भागलपुर जदयू की सीट है। सीट जदयू को ही मिलेगी। भागलपुर के गोपालपुर से लगातार चौथी बार विधायक बने मंडल का विवादों से गहरा नाता है। कभी एसपी को हटाने की मांग को लेकर इस्तीफा देने की धमकी देते हैं, तो कभी गंजी बनियान में ट्रेन की बोगी में घूमने लगते हैं। कभी यह भी कहते हैं कि नेता बनने के लिए दबंग होना जरूरी है।

# रिश्तेदार के घर शादी समारोह में भाग लेने जा रही महिला की ट्रक के धक्के से मौत

- बिहटा-बिहिया स्टेट हाइवे पर पीरो बाजार की घटना
- ननद के घर जाने के दौरान ट्रक ने बाइक सवार महिला को रौंदा

**केटी न्यूज/आरा**

पीरो बाजार स्थित बिहिया रोड में मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें रिश्तेदार के घर शादी समारोह में जा रही पटना निवासी एक महिला की मौत हो गई। हादसे में उसकी बेटी बाल-बाल बच गयी, जबकि उसके बहनोई जख्मी हो गए। मृत महिला पटना जिले के परसा बाजार स्टेशन निवासी मुन्ना चौरसिया की 35 वर्षीया पत्नी चिंकू देवी थी। वह अपनी ननद के घर अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एयार गांव जा रही थी। जख्मी अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एयार गांव निवासी मनोज चौरसिया हैं, जिनका इलाज किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ भाग गया। इधर, हादसे के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। गुस्साए लोग सड़क पर उतर गये और शव के साथ रोड जाम कर दिया गया। उसके कारण बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। हाइवे पर वाहनों की कतार लगी रही। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मौके पर पहुंचे और समझा कर लोगों को शांत कराया।

### सड़क पर गिरी महिला को रौंदते निकल गया ट्रक

बताया जा रहा है कि अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के एयार गांव निवासी मनोज चौरसिया के घर मंगलवार को उनकी भतीजी की बारात आने वाली थी। उसमें भाग लेने उनकी सरहज (साले की पत्नी) परसा बाजार निवासी मुन्ना चौरसिया की पत्नी चिंकू देवी अपनी बेटी छोटी कुमारी के साथ आ रही थी। पीरो स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद वह अपने बहनोई मनोज चौरसिया और बेटी के साथ बाइक से एयार गांव जा रही थी। पीरो बाजार के बिहिया रोड स्थित सिनेमा हॉल के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से चिंकू देवी सड़क की बाई साइड गिरी और ट्रक उनको रौंदते निकल गया। मनोज चौरसिया और चिंकू देवी की बेटी छोटी कुमारी दाहिने ओर गिरी। उनमें छोटी कुमारी तो को कोई चोट नहीं आयी, जबकि मनोज चौरसिया जख्मी हो गए।






## तेजस्वी का दावा... बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे

**पटना।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने जन विश्वास रैली की सफलता को लेकर बिहार के लोगों का धन्यवाद दिया है। इस दौरान तेजस्वी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। तेजस्वी ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। तेजस्वी ने कहा कि जन विश्वास रैली के दौरान बिहार के लोगों ने भरपूर प्यार, विश्वास और ताकत दिया, इसके लिए पूरे बिहार के लोगों को धन्यवाद देते हैं। केवल 10 दिनों के अंदर हम लोगों ने जन विश्वास रैली किया। खराब मौसम के बावजूद भी लाखों की तादात में लोग जुटे और एक ऐतिहासिक रैली का सफल आयोजन किया गया। आने वाले चुनाव को देखते हुए बिहार की धरती ने रैली के माध्यम से पूरे देश में संदेश दिया कि हमारा इंडी गठबंधन मजबूत है और आने वाले समय में हमलोग बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला जो चुनाव होगा, हम लोगों ने जो लकीर खींची है, मात्र 17 महीनों में हमलोगों ने पांच लाख लोगों को नौकरी दी, आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई, नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का निर्णय लिया, संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया। 17 महीने में वो कर दिखाया जो 17 साल की सरकार नहीं कर सकी।

## तेजस्वी की जितनी उम्र नहीं उससे ज्यादा सदन में रह चुका हूं: सम्राट

**पटना।** पटना में महागठबंधन की रैली के दौरान तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को बड़बोला बताकर जोरदार हमला किया था। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अब तेजस्वी पर पलटवार किया है। सम्राट ने तेजस्वी को बच्चा बताते हुए कहा कि किसी बच्चे के बयान पर क्या बोलना है। जन विश्वास रैली के दौरान तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि सम्राट चौधरी 2014 के बाद कोई चुनाव नहीं लड़े हैं, इस पर उन्होंने कहा कि अभी वे बच्चे हैं, किसी बच्चे पर बहुत बयान क्या देना? जितना उम्र नहीं है उससे ज्यादा सदन में रह लिया। अभी बच्चे की उम्र नहीं हुई है। पांच पार्टी बदलने के सवाल पर सम्राट ने कहा कि उनको गिनती नहीं पता है अब बच्चे को गिनती भी सिखाना पड़ेगा। वहीं लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए सम्राट ने कहा कि पूरा देश मोदी जी का परिवार है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपनी पत्नी और बेटा-बेटी की चिंता है लेकिन नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है। डीएमके नेता द्वारा यह कहने पर कि वे भारत माता की जय नहीं मानते, इस पर सम्राट ने कहा कि इंडी गठबंधन के जितने भी लोग हैं इन लोगों को सिर्फ मैं से मतलब है। किसी को अपने परिवार के लिए टूजी चाहिए तो किसी को थ्री जी पॉलिटिक्स चाहिए।

# शिक्षा विभाग ने वीर कुंवर सिंह विवि के कुलपति कुलसचिव पर एफआईआर के लिए दिया आवेदन

**केटी न्यूज/पटना**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक की परेशानी बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह के निर्देश पर भोजपुर डीईओ अहसन की ओर से आरा के नवादा थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रो रणविजय कुमार और परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम को नामजद किया गया है।

मालूम हो कि शिक्षा विभाग की ओर से बीते 28 फरवरी को बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होने पर कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक पर यह कार्रवाई हुई है। इससे विश्वविद्यालय प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिक्षा विभाग ने अकादमिक सत्रों के पीछे चलने को देखते हुए वीर कुंवर सिंह विवि कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों से मिला है। डीईओ की ओर से थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की लंबित परीक्षाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए 28 फरवरी को बैठक रखी गई थी। विभाग ने परीक्षाओं को समयबद्ध करने का निर्णय बहुत पहले ही ले लिया था। साथ ही इस एकेडमिक सत्र में कौन सी परीक्षा कब लेनी है, इस संबंध में गजट अधिसूचना भी कर दी गई थी। पूर्व में समीक्षा के क्रम में सत्र अनियमित पाया गया था। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 30 के तहत परीक्षाओं के संचालन के लिए विधिवत अधिसूचना जारी की गई। लगातार समीक्षा के बावजूद सूचना का पालन नहीं किया गया। यह भी सामने आया कि पुराने सत्र तो पीछे चल ही रहे हैं, कई अद्यतन एकेडमिक सत्र भी पीछे हैं। विभाग ने इसे बिहार कंडक्ट आफ एग्जामिनेशन एक्ट 1981 की कंडिका 9 का उल्लंघन माना और कंडिका 11 के तहत कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में विभागीय लोक सेवकों के कार्य को अवरोध करने का आरोप भी लगाया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि 28 फरवरी की बैठक में विशेष कर लंबित परीक्षाओं के संबंध में रिपोर्ट नहीं देने, लंबित परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराने, जान-बूझकर लंबित परीक्षाओं से संबंधित जानकारी देने से बचने और इनकार करने और आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराकर विभागीय लोक सेवकों के कार्य को अवरोध करने, विभाग के लोक सेवकों को ससमय परीक्षा संचालन कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब दिया जाना था लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### राजभवन से अनुमति नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

इस पूरे प्रकरण पर वीर कुंवर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो रणविजय कुमार ने कहा कि गत 28 फरवरी को शिक्षा विभाग ने इन अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। लेकिन राजभवन की ओर से अधिकारियों को बैठक में जाने की अनुमति नहीं दी गयी। इसके बाद विवि के ये अधिकारी बैठक मे शामिल नहीं हुए।

## सुरक्षा प्रहरी की बहाली परीक्षा रद्द

**पटना।** नीतीश कुमार सरकार ने बिहार विधानसभा में होने वाली सुरक्षा प्रहरी के बहाली परीक्षा को रद्द कर दिया है। नई सरकार बनने के बाद पिछली सरकार के कई फैसलों को पलट दिया गया है जिसमें एक ये भी शामिल है। सुरक्षा प्रहरी बहाली बिहार विधानसभा सचिवालय के अंतर्गत होनी थी। इसको लेकर बिहार विधानसभा सचिवालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। बिहार में इस समय नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। इस सरकार ने महागठबंधन की सरकार में निकाली गई सुरक्षा प्रहरी वैकेंसी के पदों को रद्द कर दिया है।










# आचार संहिता से पूर्व 74 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

- सांसद ने कहा सभी विधान सभा क्षेत्र में विकास को गति मिली है। एक तरफ विकास को भी गति दी गई
- कार्यक्रमों का आयोजन सोमवार को होना था दिन भर के इंतजार के बाद अंतिम समय पर हुआ था कार्यक्रम रद्द

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के विकास को पंख लगा हुआ है। यह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी चौबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति मिली है। एक तरफ विकास को भी गति दी गई, वहीं विरासत को भी संरक्षित करने का प्रयास हुआ है। जिसका सकारात्मक असर संसदीय क्षेत्र में दिखने लगा है। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को नगर भवन में बक्सर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित 74 योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विदित हो कि यह कार्यक्रम सोमवार को होना था। कार्यकर्ता निर्धारित समय से ही कार्यक्रम स्थल पर जमे हुए थे। दोपहर से लेकर रात तक सभी की निगाहें टिकी हुई थी। परंतु अंतिम समय पर कार्यक्रम रद्द हो गया था। यह कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने



कहा कि उन्होंने कहा कि आज पटना से बक्सर आना काफी सुगम हुआ है। महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर किया गया है। रेलवे के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। चौसा पावर प्लांट से यहां के लाखों लोगों को फायदा होगा। वहाँ लोगों को रोजगार मिल रहा है। आने वाला समय बक्सर का है और यह विकास के क्षेत्र में कई मानक स्थापित करेगा। मंगलवार को सड़क, पुल पुलिया, पोखरा, सामुदायिक भवन, स्कूलों की चार दिवारी आदि का उद्घाटन एवं शिलान्यास हुआ। इस मौके पर डीडीसी, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित बीजेपी के अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद थे। बक्सर विधानसभा में कुल 21 योजना का उद्घाटन किया जा रहा है। इसकी कुल राशि दो करोड़ अठाईस लाख चौदह हजार दो सौ पचास है। बक्सर विधानसभा में 3 योजना का शिलान्यास किया जा रहा है। इसकी कुल राशि चौबीस लाख निन्यानवे हजार दो सौ है। ब्रह्मपुर विधानसभा में कुल 10 योजना का उद्घाटन किया जा रहा है। इसकी कुल राशि एक करोड़ सताइस लाख छीयालीस हजार नौ सौ है। ब्रह्मपुर विधानसभा में कुल 2 योजना का शिलान्यास किया जा रहा है। इसकी कुल राशि चौबीस लाख निन्यानवे हजार तीन सौ है। राजपुर विधानसभा में कुल 10 योजना का उद्घाटन किया जा रहा है । इसकी कुल राशि एक करोड़ चौबीस लाख दो हजार सात सौ है। राजपुर विधानसभा में कुल 5 योजना का शिलान्यास किया जा रहा है । इसकी कुल राशि तीस लाख बेरासी हजार चार सौ है। डुमरांव विधानसभा में कुल 13 योजना का उद्घाटन किया जा रहा है। इसकी कुल राशि एक करोड़ चौहत्तर लाख चौबीस हजार पांच सौ है । डुमराव विधानसभा में कुल 3 योजना का शिलान्यास किया जा रहा है । इसकी कुल राशि पच्चीस लाख बेरानवे हजार नौ सौ है । दिनारा विधानसभा में कुल 8 योजना का उद्घाटन किया जा रहा है। इसकी कुल राशि नब्बे लाख बासठ हजार है।

## खबरें फटाफट

### नशा खुरानी का शिकार बनी महिला

**बक्सर।** नगर थाना से महज चंद कदम दूरी पर नशा खुरानी का शिकार का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें नशा खुरानी गिरोह की दो महिलाओं ने मिल एक महिला के चेहरे पर रूमाल झाड़ उसे अर्द्ध बेहोश करने के बाद किला मैदान में ले जाकर उसके मंगलसूत्र व कान की बाली तथा पर्स से एक हजार नगद रूपए निकाल लिए। पीड़िता मूलतः राजपुर थाना क्षेत्र के एकडाढ़ गांव की रहने वाली है तथा बक्सर के शिक्षक कॉलोनी में घर बना अपने परिवार के साथ रहती है। उसके पति दिलबाग सिंह यादव सीआरपीएफ के जवान है। पीड़िता की मानें तो वह सोमवार की शाम बाजार करने गई थी। उधर से लौटने के दौरान किला मैदान के पास अचानक दो महिलाएं उसके पास आई तथा नाथ बाबा मंदिर जाने का रास्ता पूछी। अभी वह मंदिर का रास्ता बता ही रही थी, तभी उसमें से एक महिला ने मेरे चेहरे के सामने रूमाल झाड़ दिया। जिसके बाद मैं अपना होश खो दी। अपने घर आई। पीड़िता की मानें तो गहने की कीमत करीब 45 हजार रूपए है। हालांकि, पीड़िता ने इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। जिस कारण पुलिस को इस घटना की भनक नहीं लग पाई है।

## सिमरी प्रखंड के तिलक राय ओपी क्षेत्र के नियाजीपुर में हुई घटना

# बारात में चली गोली से किशोर गंभीर रूप से जख्मी, एक गिरफ्तार, खोखा बरामद

- वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, बच्चे का ऑपरेशन तो हुआ लेकिन हालत अभी खतरे से बाहर नहीं

**केटी न्यूज/सिमरी**

पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद हर्ष फायरिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव में एक बारात में हो रहे हर्ष फायरिंग के दौरान एक किशोर को गोली लग गई। गोली उसके पेट के आर पार हो गई है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ हो जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद बारातियों तथा घरातियों में भगदड़ मच गई। इसकी सूचना मिलते ही तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। वही एक अन्य भागने में सफल रहा। जख्मी किशोर की पहचान स्थानीय गांव के शिक्षक छोटेलाल राम के 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला मुख्यायल





स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो उसका इलाज वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां डॉक्टरों द्वारा उसका ऑपरेशन तो कर दिया गया है लेकिन हालत खतरे से बाहर नहीं आई है। वही पुलिस ने नियाजीपुर के ही नंद गोपाल शर्मा को गिरफ्तार किया है जबकि उसका दूसरा साथी मंगरू शर्मा फरार हो गया है। गोली के शिकार किशोर के दादा लक्ष्मण राम ने इस मामले में स्थानीय थाने में दोनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस नंद गोपाल को जेल भेजने के साथ ही फरार मंगरू की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार नियाजीपुर के मोहन पासवान की बेटी की बारात आई थी। इसी बारात में नंदगोपाल व मंगरू हर्ष फायरिंग कर रहे थे। जिस दौरान एक गोली बिट्टू के पेट में जा लगी। इस संबंध में तिलक राय के हाता ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह ने कहा कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## हर्ष फायरिंग करते ऑटो सेमी रायफल के साथ एक गिरफ्तार



**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर ओपी थाने की पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव से एक व्यक्ति को ऑटो सेमी राइफल के साथ गिरफ्तार किया है। वह तथा उसके साथ दो अन्य लोग गांव में आई बारात में हर्ष फायरिंग कर रहे थे। गिरफ्तार किया गया बिहारी यादव उसी गांव का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव के भूमिका की जांच भी कर रही है। बताया जा रहा है कि बरामद सेमी रायफल लाइसेंसी है तथा उसका लाइसेंस स्थानीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव के नाम पर ही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात नैनिजोर थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि जवही दियर में एक बारात में कुछ लोग हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान ऑटो सेमी राइफल के साथ बिहारी यादव को पकड़ने में पुलिस कामयाब हुई जबकि दो अन्य अपने हथियार के साथ अंधेरे का लाभ उठा भाग निकले। नैनीजोर ओपी प्रभारी मो. फिरोज आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में मुखिया प्रतिनिधि के भूमिका की भी जांच की जा रही है। एक ही रात हर्ष फायरिंग की दो घटनाओं से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।इधर पूरे दिन के इंतजार के बावजूद मुखिया प्रतिनिधि अपना लाइसेंस लेकर पुलिस के सामने नहीं आए है। सूत्रों की मानें तो मुखिया प्रतिनिधि गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए है। वही पुलिस ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। ऐसे में मुखिया प्रतिनिधि की मुश्किलें बढ़ गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल उक्त बारात में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिहारी यादव को लाइसेंसी ऑटो सेमी रायफल के साथ पकड़ा गया। उसके लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

# प्रो. अखिलेश बोले... बक्सर नगर परिषद के हड़ताली सफाई कर्मियों की सभी मांगें जायज

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर परिषद के मजदूरों की सभी मांग जायज है। नगर परिषद प्रशासन को तत्काल उनकी मांगे मान लेनी चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सह भाजपा नेता अखिलेश दुबे ने कही। वे बक्सर नगर परिषद कार्यालय के पास अपनी मांगों के समर्थन में धरना दे रहे मजदूरों के बीच पहुंचे और अपना संबोधन भी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीब का हृदय भगवान की तरह होता है। उन्होंने कहा कि एक तो उन्हें न्यूनतम मजदूरी मिलती है वह भी समय से नहीं मिलना तथा एनजीओ द्वारा उनकी मजदूरी में कटौती करना घोर अनियमितता का परिचायक है। उन्होंने मजदूरों को अपने हक की



आवाज को शांतिपूर्ण बुलंद करने की अपील की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को वे बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने रख न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से जुड़े मजदूरों की बदौलत ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत का सपना पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर नगर परिषद प्रशासन उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं करता है तो वे खुद भी सफाईकर्मियों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ धरना पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नगर परिषद तथा नगर पंचायतों के अलावे पंचायतों में सफाई अभियान से जुड़े कर्मियों की नौकरी स्थायी करने पर जोर दिया जाएगा।

# आज से काम पर लौटेंगे बक्सर नगर परिषद के सफाईकर्मी: कार्यपालक

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर परिषद के सफाई कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गया है। मंगलवार को ईओ प्रेम स्वरूपम ने पांच दिनों में उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद मजदूरों ने अपना हड़ताल समाप्त कर बुधवार से काम पर लौटने की बात कहीं। इस आशय की जानकारी देते हुए सफाईकर्मी संघ के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद बृजकिशोर उपाध्याय उर्फ मोहन उपाध्याय ने बताया कि ईओ ने उनकी सभी मांगों को ध्यान से सूना तथा पांच दिनों का समय मांगा। उन्होंने बताया कि ईओ ने कहा कि वे बुधवार को ही एनजीओ संचालक को फाईल के साथ तलब करेंगी तथा उनके कार्यशैली की जांच करेंगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों की हकमारी नहीं होने दी जाएगी। उनकी उचित मजदूरी हर महीने दिलवाई जाएगी तथा बकाए मजदूरी के भुगतान का प्रयास भी होगा। वही पीएफ राशि उनके खातें भेजवाने का काम भी किया जाएगा। ईओ ने कहा कि मजदूरों के साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं होने दिया जाएगा तथा उनकी पूरी मजदूरी का भुगतान करवाया जाएगा। ईओ ने कहा कि नगर परिषद द्वारा सभी मजदूरों का पहचान पत्र बनवाया जाएगा तथा उन्हें काम से नहीं हटाया जाएगा। साथ ही कार्य के दौरान जो भी कार्य की आवश्यकता होगी वह सभी सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। जिससे कार्य करने वाले मजदूरों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही उन्हें कार्य करने में सहूलियत मिल सके। ईओ के इस आश्वासन के बाद मजदूर बुधवार से काम पर लौटने की बात कह खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। बता दें कि अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार से ही नगर परिषद के सभी सफाईकर्मी अचानक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। सोमवार की शाम तक नगर परिषद प्रशासन ने उन्हें समझाने का प्रयास किया था, लेकिन मजदूर अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। वही मंगलवार को भी मजदूरों ने डोर-टू-डोर कूड़ा का उठाव छोड़ कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना देते रहे।

## 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शुरू होगा जिले में अभियान

# आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूली बच्चों को खिलाई जाएगी अल्बेंडाजोल की दवा

- एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाने के लिए आशा कार्यकताओं को दिया गया प्रशिक्षण
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवाओं से वंचित बच्चों के लिए 19 मार्च को चलेगा मॉप अप राउंड

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण से मुक्त बनाने तथा रक्त की कमी की समस्या को दूर करने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में जिले में 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 19 मार्च को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर सदर प्रखंड अंतर्गत सभी आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने आशा कार्यकताओं को बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालय में अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। विभिन्न प्रखंडों में जाकर अनुश्रवण किया जायेगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य पोषण की



स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी करना है।

**दवा का सेवन कराते समय बरतनी होगी सावधानी:** बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान बच्चों को दवा खिलाते समय कुछ सावधानी भी बरतनी होगी। जैसे कि अगर किसी बच्चों की कोई गंभीर बीमारी का इलाज चल रहा है और वह नियमित रूप से दवा खा रहा, कोई भी बच्चा सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ से बीमार है। तो, उसे यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली को चूरा बनाकर पानी के साथ, दो से तीन वर्ष को एक पूरी गोली चूरा बनाकर पानी के साथ तथा तीन से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खिलायी जानी है। उन्होंने बताया कि दवा खिलाते समय यह ध्यान रखा जाये कि बच्चे दवा को चबाकर खाएं। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त और थकान महसूस होना, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पेट में कीड़ा होने के कारण यह प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देगा।

**जिले के करीब 10 लाख लाख बच्चे खायेंगे अल्बेंडाजोल:** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 10 लाख 478 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए आशा कार्यकताओं का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। 15 मार्च को जो बच्चे दवाओं का लाभ लेने से वंचित रह जायेंगे, उनको 19 मार्च को मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण अस्वच्छता तथा दूषित मिट्टी के संपर्क में आने से होती है। कृमि संक्रमण से बच्चों के पोषण स्तर तथा हीमोग्लोबिन स्तर पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

## एक नजर

### पुलिस की पहल से महिला थाने में हुई प्रेमी जोड़े की शादी, गले मिले दोनों परिवार



**बक्सर।** मंगलवार को बक्सर का महिला थाना मंगल गीतों से गुलजार हो उठा। इसके साथ ही एक दूसरे के दुश्मन बने दो परिवार आपस में गले मिलने लगे थे। पुलिसकर्मी एक दूसरे को मिठाई खिला रहे थे। मौका था महिला थाने में एक प्रेमी जोड़े के शादी का।आठ वर्षों से चोरी-चुप्पे एक दूसरे से मिलने-जुलने वाले प्रेमी युगल पुलिस की पहल से दाम्पत्य जीवन में बंध गए। महिला थाना स्थित मंदिर में भगवान शिव को साक्षी मानकर वे एक-दूसरे को जयमाल पहनाए। फिर वर ने वधू के मांग में सिंदूर दान का रस्म पूरा किया। महिला थानाध्यक्ष कनिष्का तिवारी ने उपहार देकर दुल्हन फूल कुमारी को उसके ससुराल विदा किया। मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के भरियार गांव के राम विलास चौधरी की 23 वर्षीय पुत्री का उसी थाना के हेनवा निवासी सुरेन्द्र चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार उर्फ अमित कुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच फुल कुमारी गर्भवती हो गई। इसके बाद दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन अलग-अलग जातियों के थे जिस कारण उनका परिवार विरोध कर रहा था। खासकर लड़के वाले इस संबंध का विरोध कर रहे थे। इसके बाद मजबूरन लड़की पक्ष को पुलिस के पास जाना पड़ा।

### पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा देशी शराब

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शहर के साफाखाना रोड स्थित दलित टोले में छापेमारी कर दो लीटर देशी शराब बरामद करने में सफलता पायी हैं। पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहा, जिनकी पहचान शिवजी पासवान के पुत्र पिंटू पासवान के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गयी हैं। थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी शराब के धंधे में शामिल है। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से छिपाकर रखा गया शराब बरामद हुआ। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही हैं।

### शराब के नशे में पुलिस ने एक को पकड़ा

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शराब के नशे में एक युवक को हिरासत में लिया है। जिसकी पहचान नेनुआ निवासी विश्वनाथ चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नोनियाडेरा गांव के समीप शराब के नशे में राहगीरों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची और नशे की हालत में हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराया। जहां डॉक्टरों ने शराब पीने की पुष्टि की। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पुलिस के अभियान में चार वारंटी धराये, जेल


**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के इस विशेष अभियान में नेनुआ गांव के सुदामा राम, बनझुडेरा गांव से बिजेंद्र राम व भीम यादव और डुमरांव लाला टोली रोड से ओमप्रकाश चौधरी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग कांडों में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इनके खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत किया गया था, जिसके आलोक में विशेष अभियान चलाया गया।

### किसानों के बीच गरमा मूंग बीज का हुआ वितरण

**केसठ।** मंगलवार को प्रखंड के ई-किसान भवन पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में और कृषि समन्वयक हरीशचंद्र पासवान के देख रेख में किसानों को अनुदानित दर पर गरमा मूंग के बीज का वितरण किया गया। मूंग बीज को लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी रही। कृषि समन्वयक ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन राज्य योजना और हरी खाद योजना अंतर्गत किसानों के बीच गरमा मूंग बीज का वितरण किया जा रहा हैं। जिन किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, उन्हें यह लाभ दिया जा रहा है। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के किसान और किसान सलाहकार अमरेंद्र कुमार, रितेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग ने किशोरी को बनाया हवस का शिकार

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 65 वर्षीय हवसी की करतूत ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। उसने शौच करने गई एक 12 वर्षीय किशोरी को जबरन गेहूं के खेत में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बना दिया। घटना मंगलवार की सुबह करीब सात बजे की है। किशोरी किसी तरह उसके चंगुल से बच रोते विलखते घर पहुंची तथा परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन उसे लेकर स्थानीय थाना पहुंचे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल आरोपित सिद्धु राम को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पॉस्को ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा गया है। वही किशोरी की हालत गंभीर हो गई है। परिजनों तथा पुलिस द्वारा उसे प्राथमिक इलाज के लिए रघुनाथपुर सीएचसी पहुंचाया गया था, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसकी बिगड़ती हालत को देख डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।



# कुत्ता को बचाने के लिए बेटे ने लगाई ब्रेक तो बाइक से गिरकर मां की हुई मौत

- इ्यूटी करने आरा सदर अस्पताल जाने के दौरान हुआ हादसा, पटना जाने के दौरान तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आरा-बक्सर हाइवे पर शाहपुर बाजार के समीप सोमवार की रात बाइक से गिरकर एक ममता स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव निवासी सुरेश राम की 68 वर्षीया पत्नी कौशल्या देवी थी। वह आरा सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में ममता के पद पर कार्यरत थी। उनके बेटे विनोद राम ने बताया कि सोमवार को उसकी मां की नाइट में ड्यूटी थी। उसके लिए वह अपनी मां को बाइक से लेकर सदर अस्पताल आ रहा था। शाहपुर बाजार के समीप उसकी बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के लिए उसने बाइक की ब्रेक लगा दिया। उससे उसकी मां कौशल्या देवी असंतुलित होकर बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर


फाईल फोटो

अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को देखते हुए डाक्टरों द्वारा पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान धनुपरा के समीप ही उन्होंने दम तोड़ दिया। तब उनके शव को सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि कौशल्या देवी को चार पुत्र तिलकधारी राम, मनोज राम, सरोज राम, विनोद राम, पुत्री संजू देवी और मंजू देवी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### सादा चेक पर हस्ताक्षर करने से किया मना तो सचिव के पति के साथ प्राचार्य ने की हाथापाई

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड जहानाबाद अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजार टाली के प्रधानाध्यापक सतेंद्र पासवान ने विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव संगीता देवी के घर पहुंच कर पति नरेश गोस्वामी के साथ हाथापाई करते हुए मारने पीटने की कोशिश किया। यह गैर कानूनी काम सादा चेक पर हस्ताक्षर से इनकार करने पर किया गया । इस बात की जानकारी जिला पदाधिकारी , जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्यान भोजन योजना को लिखित शिकायत कर सरकारी नियम के अनुसार विभागीय कार्रवाई करने का अनुरोध किया है । सचिव ने लिखित आवेदन में कहा है कि विद्यालय शिक्षा समिति का खाता संयुक्त हस्ताक्षर से संचालन होता है । जहां थाली खरीदने के लिए कह कर प्रधानाध्यापक ने हस्ताक्षर के लिए सादा चेक प्रस्तुत किया। जिस पर हस्ताक्षर करने से मना करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नहीं होती है। बैठक में होना चाहिए कि कौन सी सामग्री किस दर से कितना खरीदना है या किस काम की प्राथमिकता दिया जाए। इस पर प्रधानाअध्यापक पति का हाथ पकड़कर खींचने लगे। प्रधानाध्यापक के इस कृत पर विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

### जहानाबाद में अवैध रूप से सरकारी क्वार्टर पर किया कब्जा, प्रशासन ने कराया खाली



**जहानाबाद।** कई सालों से एक व्यक्ति द्वारा सरकारी क्वार्टर पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए था , और उस क्वार्टर में रह रहा था,प्रशासन द्वारा बार-बार खाली करने का निर्देश दिया जा रहा था लेकिन प्रशासन के निर्देश के बाद भी यह व्यक्ति क्वार्टर खाली नहीं कर रहा था मुपेदर नामक व्यक्ति कई सालों से सरकारी क्वार्टर को कब्जा कर रखा था इसकी शिकायत जिला प्रशासन से किया गया इसकी जांच कराई गई जांच में पाया गया कि यह व्यक्ति गलत तरीके से कागजात बनाकर सरकारी क्वार्टर को कब्जा कर लिया है, अंचलाधिकारी ने बताया कि इस व्यक्ति को नोटिस दिया गया की सरकारी क्वार्टर को खाली कर दें लेकिन जब व्यक्ति द्वारा नोटिस मिलने के बाद भी क्वार्टर को खाली नहीं किया तो अवैध कब्जा से सरकारी क्वार्टर को खाली कराया गया है पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में क्वार्टर खाली कराया गया और प्रशासन द्वारा क्वार्टर में ताला लगा दिया गया है। इस क्वार्टर को खाली करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचे थे।

### आकांक्षी जिलों की अखिल भारतीय डेल्टा रैंकिंग में औरंगाबाद जिला को पहला स्थान

**औरंगाबाद।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजनान्तर्गत नवंबर माह 2023 के लिए नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जारी डेल्टा रैंकिंग में औरंगाबाद जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उक्त के क्रम में नीति आयोग द्वारा सात मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नीति फॉर स्टेट्स कार्यक्रम में जिला के अनुकरणीय प्रयास एवं प्रगति को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नीति आयोग द्वारा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को आमंत्रित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विभिन्न प्रक्षेत्रों से संबंधित विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित सूचकांकों पर निरंतर काम किया गया है, जिसका प्रतिफल हमारे समक्ष है तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना जिला के लिए गौरव की बात है। भविष्य में भी जिला द्वारा सभी सूचकांकों में निरन्तर बेहतर अंक प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा।

## खबरें फटाफट

### बंधवा गांव में नियमित नहीं खुलता स्वास्थ्य उपकेंद्र

**औरंगाबाद ।** देवकुंड थानाक्षेत्र के डिंडीर पंचायत में बसे बंधवा गांव स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके कारण वहां के लोग परेशान है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया की इस केंद्र में न तो प्रत्येक दिन डॉक्टर आते हैं ना ही मरीजों को दवा ही मिल पाती है। ग्रामीणों ने ये भी बताया कि इसकी शिकायत कई बार रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के पास की गई, बावजूद स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच कराने की मांग सिविल सर्जन औरंगाबाद से की है ।ताकि समय से स्वास्थ्य केंद्र खोले जा सके और आसपास के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

### ड्रोन से दवा का छिड़काव कराएं किसान : जावेद

**जहानाबाद।** जिले में पहली बार पौध संरक्षण रसायन कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन के द्वारा किसानों के खेत में रासायनिक दवा का छिड़काव कराया गया। कल्पा पंचायत के कामदेव बीघा के किसान श्री राम नरेश सिंह एवं झुनाठी पंचायत की किसान सुधा कुमारी के खेत में ड्रोन से दवा का छिड़काव कराया गया ।सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रसायन मोहम्मद जावेद आलम की देखरेख में कृषि समन्वयक विनोद कुमार सिंह एवं किसान सलाहकार देवेंद्र कुमार के द्वारा किसानों को प्रेरित करते हुए जागरूक किया गया और उनके खेतों में रासायनिक दवा का छिड़काव कराया गया। किसान पौधा संरक्षण के साइट पर जाकर कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं सरकार की तरफ से 240 रुपया अनुदान के रूप में प्रति एकड़ ड्रोन के लिए दिया जा रहा है। दवा छिड़काव कराने में सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र कुमार सिंह, बर्मा बीज भंडार के डीलर अजय वर्मा, आलोक कुमार, राहुल कुमार ,भुवन प्रसाद ,रविंद्र कुमार किसान सलाहकार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसमें कई किसानों के बीच प्रत्यक्षण कराया गया।

## आरा शहर के मौलाबाग मोहल्ले से सोमवार की रात पकड़ा गया आरोपित

# संपत्ति विवाद में चाकू से गोदकर चाचा की हत्या करने वाला भतीजा गिरफ्तार

- हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद, जल्द चार्जशीट दाखिल कर स्पीडी ट्रायल शुरू करायेगी
- नगर थाने के महादेवा रोड में संपत्ति के विवाद में भतीजे ने चाकू गोद की थी हत्या

**केटी न्यूज/आरा**



नगर थाना क्षेत्र के महादेवा रोड निवासी मोबाइल मिस्त्री मंजय प्रसाद की हत्या के मुख्य आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे सोमवार की रात शहर के मौलाबाग मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित मूल रूप से महादेवा रोड निवासी अरुण सिंह का पुत्र विशाल कुमार है। वह मंजय प्रसाद का सगा भतीजा है। पिछले कई सालों से वह अपनी मां और भाई के साथ मौलाबाग मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दो मार्च की दोपहर टाउन थाना क्षेत्र के महादेव रोड डॉक्टर पीसी कंप्यूटर गली निवासी मंजय प्रसाद की घरेलू जमीन विवाद में भतीजे विशाल कुमार द्वारा चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी। उस संबंध में विशाल कुमार, उसकी मां और भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई गई थी। विशाल कुमार मुख्य आरोपित था। घटना के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी व चाकू की बरामदगी के लिए एएसपी परिचय कुमार और थाना ध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा सोमवार की रात मौलाबाग मोहल्ले में छापेमारी कर विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल खून लगा चाकू भी बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि खून लगे चाकू को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना भेजा जाएगा। वहीं अन्य आरोपितों की घटना में संलिप्तता की जांच की जा रही है। इस मामले में जल्द चार्जशीट दाखिल स्पीड ट्रायल शुरू कराने का प्रयास किया जायेगा। ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। टीम में प्रपुअनि सुमंत कुमार और प्रपुअनि मो. अली सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे खड़े इंटर के छात्र को कुचला, मौत

**आरा।** सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर चांदी थाना क्षेत्र के कोसिहान गांव के समीप मंगलवार की दोपहर एक बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे खड़े इंटर के छात्र को रौंद दिया। गंभीर रूप से जख्मी छात्र की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में मौत हो गई। मृत छात्र संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह का 16 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार था। इधर, हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ कर भाग निकला। छात्र के बड़े भाई विश्वजीत कुमार ने बताया कि दोनों रोज की तरह ट्यूशन पढ़ने सोमवार को बाइक से आरा गये थे। दोपहर में दोनों भाई बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उस दौरान कोसिहान गांव के समीप दोनों बाइक से उतरकर बायीं साइड सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी सामने से तेज गति में आ रहे ट्रक ने उसके भाई आदित्य को रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उसके बाद शव सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जा रहा है कि छात्र दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां अनीता देवी, बड़ा भाई विश्वजीत कुमार और बहन अंजली कुमारी है। घटना के बाद छात्र के घर में कोहराम मच गया है।

# नई तकनीक अपनाकर कृषि को बढ़ावा दें किसानः मनोज कुमार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा जहानाबाद की ओर से मंगलवार से तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी की शुरूआत की हुई। संयुक्त कृषि भवन परिसर काको रोड जहानाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त मनोज कुमार ने किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कृषकों के बीच कृषक हितार्थी योजनाओं की जानकारी देने एवं प्रचार-प्रसार में सहायक है। उद्यान प्रदर्शनी/ प्रतियोगिता किसानों का उत्साहवर्द्धन एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। जिले के किसानों को इस तीन दिवसीय



कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने किसानों को नवीनतम तकनीक अपनाने की सलाह दी। जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार ने कृषि एवं आत्मा कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला के किसानों द्वारा लायी गई फल, फूल, सब्जी, मशरूम, शहद, मोटे-अनाज इत्यादि कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। कार्यक्रम में किसानों को सुलभता पूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु कृषि, आत्मा, भूमि संरक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, पौधा संरक्षण, माप-तौल, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, अग्रणी बैंक प्रबंधक, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, इफको आदि कार्यालयों के साथ आरोग्यम् मशरूम हाउस, कृषि यंत्र विक्रेताओं के द्वारा 21 स्टॉल लगाये गये हैं। इस अवसर पर फसल अवशेष प्रबंधन, रासायनिक एवं कार्बनिक उर्वरकों के समुचित सदुपयोग तथा जल संरक्षण पर आम जनमानस एवं अन्नदाता किसानों को जागरूक करने हेतु शपथ एवं प्रतिज्ञायुक्त हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

# महिला ने सदर अस्पताल के गार्ड पर लगाया आपत्तिजनक हरकत का आरोप, गार्ड फरार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

सोमवार को सदर अस्पताल में इलाज कराने आयी एक महिला ने गार्ड द्वारा आपत्तिजनक हरकत किये जानें का आरोप लगा, हंगामा किया। काफी देर तक समझौते का दौर चला। इधर हंगामा देख सदर अस्पताल का गार्ड फरार हो गया। दरअसल मामला यह था कि शहर के सतेंद्र नगर मुहल्ला की एक महिला अपनी मां को इलाज कराने अस्पताल आयी थी। इमरजेंसी वार्ड में महिला इलाज के लिए कतार में खड़ी थी। इस दौरान गार्ड द्वारा बारी-बारी से सभी को डॉक्टर के पास इलाज के लिए भिजवाया जा रहा था। भीड़ काफी ज्यादा था, महिला का आरोप है कि भीड़ का फायदा उठा कर गार्ड ने उसके कमर में हाथ लगा दिया। जब महिला ने उसका विरोध किया तो उसके द्वारा कथित तौर पर गार्ड ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दोनों आपस के भीड़ गए, झड़प में महिला के हाथों में हल्की चोटें भी आई है। इसके बाद महिला आवेश में आकर हंगामा करना शुरू कर दी। भारी संख्या में लोगो की भीड़ जुट गई। काफी देर तक समझौते का दौर चला, लेकिन महिला किसी की एक नही सुनी, इधर मदनपुर से भैयाराम बिगहा से इलाज कराने आयी एक अन्य महिला में गार्ड पर लगाये गए आरोप को झूठा बताया है। कमला देवी ने कहा कि गार्ड द्वारा महिला के साथ किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक हरकत नही किया गया है। महिला बेवजह हंगामा कर रही है। गार्ड बारी बारी से सभी को इलाज के लिए डॉक्टर के पास भेज रहा था। इधर गार्ड सुपरवाइजर उपेंद्र सिंह ने कहा कि मामला जो हो, सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जांच की जाएंगी। जांच के बाद ही मामले का पता चलेगा। सीसीटीवी फुटेज में जांच के दौरान गार्ड दोषी पाया जाएगा तो उसे सख्त सजा दी जाएगी।

# सबके प्रयास से ही जहानाबाद जिले का होगा तेजी से विकासः कंचन कुमारी झा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के विकास में तभी तेजी आएगी जब हम सब मिलकर सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए यह जरूरी है कि सरकार और पत्रकार मिलकर काम को आगे बढ़ाएं। जहां तक पीरामल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्य की बात करें तो यह एक सराहनीय कदम है। चूकिं पीरामल फाउंडेशन भी सरकार के साथ कार्य कर रही है ऐसी स्थिति में निश्चित रूप से हम सब को मिलकर इनके कार्यो को आगे बढ़ाना चाहिए। ये बातें मंगलवार को जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी कंचन कुमारी झा ने पीरामल फाउंडेशन के साथ हुई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से साकारात्मक खबरों की संख्या बढ़नी चाहिए। इससे जिले की स्थिति में और सुधार होगा।

इस मौके पर प्रोग्राम डायरेक्टर संजय सुमन, जहानाबाद जिले के डिस्ट्रीक लीड रवि रंजन कुमार, सीओई राज्य प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, प्रोग्राम लीड धनंजय कुमार, विनोद कुमार, संतोष कुमार, रितेश कुमार आदि फाउंडेशन के कई अधिकारी उपस्थति थे।

प्रोग्राम डायरेक्टर संजय सुमन ने बताया कि यह फोरम पिछले 2008 से पूरे भारत वर्ष में काम कर रहा है। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिले में जो भी विकास के कार्य हो रहे हैं उन्हें अंतिम पायदान बैठे लोगों तक पहुंचाना है। इसके लिए यह जरूरी है कि हम सभी को मिलकर जिले और राज्य के सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि देश के साथ-साथ बिहार के हर जिले में सर्वांगीण विकास के लिए पीरामल फाउंडेशन छह चैनल को लेकर एक ऐसा संगठन बना रही है जो सब मिलकर जिले का विकास करेंगे। इसमें युवा, मीडिया, एनजीओ, एसएचजी, पीआरआई और धार्मिक गुरु आदि उक्त चैनल में शामिल होंगे। ये सभी चैनल जिले में अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उसे सरकार तक पहुंचाएंगे ताकि उन सभी को सरकारी योजना का लाभ मिल सके।






## खबरें फटाफट

### अलीपुर बनगांवा में युवा चौपाल का आयोजन

**गाजीपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नंदगंज मंडल अंतर्गत युवा चौपाल का आयोजन अलीपुर बनगावा स्थित शिव साई मंदिर पर संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गाजीपुर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है और भारत का युवा सजग एवं सशक्त है। भारत की युवा पीढ़ी ने 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हो रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करते हुए 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में कमल खिलाने का काम किया। जिससे देश में सकारात्मक परिवर्तन प्रारंभ हुआ, जो निर्बाध निरंतर जारी है। मोदी ने युवाओं, महिलाओं, पिछड़े, दलितों के उत्थान के लिए काम करना अपना संकल्प बनाया है और वे उस संकल्प से विकसित भारत का निर्माण करने की सिद्धि की ओर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सुरक्षा के लिए जो काम किए हैं वह अभूतपूर्व है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, महामंत्री संतोष पाण्डेय, अभिनव सिंह छोटू, विजय सिंह, मनोज सिंह, संतोष सिंह मनोज, हर्षित सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, प्रतीक सिंह कुश , शशिकांत सिंह आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय और संचालन गौरव श्रीवास्तव ने किया।

### मुख्यमंत्री के स्वागत की बनाई नीति

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में मंगलवार को हुई। इसमें नौ मार्च को मुख्यमंत्री आगमन को लेकर कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में नौ मार्च को आगमन हो रहा है। जहां वे मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन सहित अनेक परियोजना का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री का आगमन जनपद के लिए बहुत ही गौरव का का बात है। मेडिकल कॉलेज खुल जाने से जनपद सहित बिहार के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।भाजपा सरकार में रोज नए नए विकास की योजनाएं जनपद को मिल रही है। यह जनपद वासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

# राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए निकाली गई कलश यात्रा





**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

रेवतीपुर गांव के बुढवां महादेव मन्दिर के पास अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री तीर्थ शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पांच से आठ मार्च तक चार दिवसीय 108 कुंडीय नारी शक्ति राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का मंगलवार को भव्य शुभारंभ किया गया। गायत्री महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई।इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने पूरे वैदिक मंत्रोचार के जरिए कन्या, मंडप पूजन, परिक्रमा के उपरांत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु गंगा जल से भरे कलश लिए यज्ञ स्थल से मुख्य मार्ग होते हुए पूरे गांव, मुहल्ले का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे।

विशाल कलश यात्रा के दौरान गाजे बाजे के जरिए भक्ति धूनों पर श्रद्धालु झूमते हुए गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। इससे पूरा माहौल भक्तिमय होता रहा। अंत में मंडप पूजन के बाद बेदी पूजन व द्वार पूजन किया गया। इसके बाद कलश की स्थापना पूरे वैदिक मंत्रोचार के बीच हुई। भारी भीड़ को देखते हुए एहतियातन पुलिस फोर्स जगह- जगह मुस्तैद रही। महायज्ञ, कथा के लिए हवन कुंड, मंच पंडाल बाहर से आने वाले साधु संतों के लिए कुटिया का निर्माण भी पूरा हो चुका है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय ने बताया कि यह महायज्ञ पांच से आठ मार्च तक आयोजित होगा। जिसमें भाग लेने के लिए चित्रकूट समेत अन्य जगहों से बडे पैमाने पर साधु संत भाग ले रहे हैं। कहा कि हर रोज शाम संगीतमय प्रवचन, इसके अतिरिक्त सामूहिक जप, प्रग्यायोग व्यायाम के साथ ही पुसंवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन आदि कार्यक्रम निःशुल्क सम्पन्न कराए जाएंगे। पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ के चलते वातावरण जहां शुद्ध होता है, वहीं इसके चलते हर तरह के विनाशकारी तत्वों का नाश भी होता है। कहा यज्ञ एक जीवनदर्शन है। इससे सांसारिक सुख की प्राप्ति होती है। यज्ञ का अर्थ है त्याग, शुभ काम एवं समर्पण। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, डा. अवधेश सिंह, ओपी राय, सच्चिदानंद राय, विनोद खरवार, कृष्णा पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## बांसडीहरोड के तिवारी बरहाटार गांव के पास हुई घटना, आधा दर्जन लोग जखमी

# नर्तकी के साथ डांस को लेकर मारपीट

**केटी न्यूज/ बलिया**



बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के तिवारी बरहटार गांव में सोमवार की देर रात्रि डीजे में डांस को लेकर के घराती एवं बाराती में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें चाचा-भतीजा समेत आधे दर्जन लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही बांसडीहरोड पुलिस मौके पर पहुंच गई। उधर घरातियों ने पुलिस महकमा के सामने ही दर्जन भर गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कर छोड़ दिया। गड़वार थाना क्षेत्र के अभइपुर निवासी बदन यादव के पुत्र की बारात बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के तिवारी बरहाटार निवासी मनोज यादव के यहां आई हुई थी। जहां द्वारपूजा और गुरहत्थी का कार्यक्रम शांतिपूर्ण से संपन्न हो गया। इधर घराती पक्ष के लोग डीजे में आई नर्तकी के साथ जमकर ठुमके लगा रहे थे, तभी बाराती पक्ष के लोग गुरहत्थी से जनवासे में वापस लौटे, जहां देखा कि घराती के लोग नर्तकी के साथ डांस कर रहे हैं, जिसका लोगों ने विरोध जाता है जो घरातियों को नागवार लगी। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। मामला इतना बढ़ गया कि घरातियों ने बारातियों की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें गड़वार थाना क्षेत्र के अभईपुर निवासी धनजी यादव तथा उनका भतीजा भोलू यादव सहित आधे दर्जन लोग घायल हो गए। यहां तक की घरातियों ने बारात में आए दर्जन भर छोटे-बड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उधर सूचना मिलते ही बासडीहरोड पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसी तरह मामले को शांत कराया।

## झाड़ी में पुजारी का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**बांसडीह।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़सरी के बाबा अवनीनाथ महादेव के 65 वर्षीय पुजारी सिंगारी दास की मंदिर के कुछ दूरी पर झाड़ी में मंगलवार की सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुजारी की हत्या कर शव झाड़ी में फेकने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सोमवार से पुजारी गायब थे। जानकारी के अनुसार अवनीनाथ बाबा के पुजारी राजनाथ तिवारी उर्फ सिंगारी दास पुत्र स्व रामजस तिवारी बड़सरी गांव के निवासी है जो विगत पैंतीस वर्षों से घर छोड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा अवनीनाथ शिव मंदिर की पूजा व सेवा करते थे। अवनीनाथ के पुजारी सिंगारी दास सोमवार की शाम करीब पांच बजे से ही मंदिर से गायब थे। उनके शिष्यों व अन्य मंदिर के सेवादारों द्वारा उनकी काफी देर रात तक छानबीन की गई। लेकिन पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह प्रतिदिन की भांति अवनीनाथ बाबा की पूजा अर्चना करने जा रहे लोगों की नजर पुजारी पर पड़ी। इस बाबत कोतवाली प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

## बोलेरो की चपेट में आने से वृद्धि की मौत, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

**बलिया।** बलिया गड़वार मार्ग स्थित नर्जनी गांव के समीप मंगलवार की सुबह बोलेरो की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने बलिया-गड़वार मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीम के कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। मृतक की शिनाख्त मोहन राजभर 60 वर्ष निवासी नर्जनी थाना सुखपुरा के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार सुखपुरा थाना क्षेत्र के नर्जनी (रजवाड़) गांव निवासी मोहन राजभर मंगलवार की सुबह शौच करने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने बलिया-गड़वार मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही गड़वार व सुखपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं सदर एसडीएम भी घटनास्थल में पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। लंबी जाम लगने के साथ पुलिस कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### एसपी ने बिरनो थानाध्यक्ष को किया सस्पेंड

**गाजीपुर।** पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में एक थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। जबकि कई थानाध्यक्षों की कुर्सी बदल दी है। सोमवार को देर रात जारी फरमान के बाद पुलिस महकमें एकाएक हड़कंप मच गया। एसपी द्वारा पूरी कार्रवाई कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए की गई है। देर रात जारी आदेश में थानाध्यक्ष बिरनो देवेन्द्र सिंह यादव को शासकीय कार्य में लापरवाही व अनियमितता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया गया है। थानाध्यक्ष के खिलाफ यह कार्रवाई मिली शिकायत की जांच के बाद की गई है। अब बिरनो थाने की कमान अशोक कुमार मिश्रा को सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा कई थानाध्यक्षों की तैनाती में फेरबदल भी किया गया है। इसी क्रम में दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मित्र को बिरनो थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसी के साथ थानाध्यक्ष भांवरकोल राजेश बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष दुल्लहपुर, थानाध्यक्ष नंदगंज प्रमोद कुमार सिंह को थानाध्यक्ष भांवरकोल, चौकी प्रभारी हंसराजपुर कृष्ण प्रताप सिंह को थानाध्यक्ष नंदगंज की नई तैनाती दी गई है।

### पुरानी रंजिश में मारी गई थी कपड़ा व्यापारी को गोली



**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के तारापुर रेलवे फाटक के पास एक मार्च को कपड़ा व्यवसायी ज्ञान प्रकाश मिश्रा 50 वर्ष को पुरानी रंजिश के कारण गोली मारी गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को कनेरा गांव उनके घर से भागने की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर गोली चलाने की बात स्वीकार की है। अलीनगर थाना क्षेत्र के तारापुर रेलवे फाटक के पास एक मार्च को हुए गोली कांड में पुलिस ने पांच दिन बाद मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सीओ कार्यालय अलीनगर में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा से कनेरा गांव निवासी शुभम मिश्रा उर्फ बब्बू पुत्र राकेश मिश्रा का पुरानी रंजिश थी। घटना के एक सप्ताह पूर्व दोनों में विवाद भी हुआ था। इसको लेकर आरोपी ने गांव के ही अपने मित्र अमित मिश्रा पुत्र नीरज मिश्रा के साथ मिलकर गोली मारने की योजना बनाई। योजना बद्ध तरीके से अमित मिश्रा तमंचा उपलब्ध कराने के बाद तारापुर चौराहे पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा को आने का इंतजार कर रहा था। जैसे ही उन्होंने तारापुर बाजार पर किया कि इसका लोकेशन शुभम मिश्रा को दिया। पहले से इंतजार कर रहे शुभम मिश्रा ने जैसे ही ज्ञान प्रकाश ने रेलवे क्रॉसिंग पार किया गोली चला दी। गिरफ्तारी व बरामद की करने वाले टीम में मुख्य रूप से थाना अध्यक्ष शेषधर पांडेय, प्रभारी स्वाट व सर्विलेंस हरिनारायण पटेल,चौकी प्रभारी ताराजीवनपुर राजेश कुमार राय, हेड कांस्टेबल विजय बहादुर,कांस्टेबल मानसिंह सरोज,दीपक पटेल आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में अमीषा ने जीता सिल्वर मेडल

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जनपद की एक बेटी ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। उसकी इस सफलता से पूरा जनपद खुशी से झूम उठा है। मूलरूप से जमानिया क्षेत्र के खरगसीपुर नई बाजार निवासी राष्ट्रीय तीरंदाज अमीषा चौरसिया ने राजस्थान के जयपुर में आयोजित तीसरी एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। कोच सतीश दूबे ने बताया कि अमीषा क्षेत्र के द्रोणा तीरंदाजी एकेडमी की प्रशिक्षु हैं, जो वर्तमान समय में आउटडोर स्टेडियम में भारतीय प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में अभ्यासरत हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान के जयपुर में आयोजित तीसरी एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी रैंकिंग प्रतियोगिता के रिकर्व स्पर्धा के जूनियर वर्ग में सिल्वर पदक जीतकर प्रदेश और जिले का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता एक और दो तारीख हो आयोजित हुई थी। जिसमें अमीषा ने अपना लोहा मनवाया है।

# परंपरागत, भक्तिपूर्ण व शांतिपूर्ण ढंग से हो बारात व जुलूस का आयोजन: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/ बलिया**



महाशिवरात्रि बारात उत्सव व जुलूस को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने इसमें एक-एक कर सभी बारात व जुलूस आयोजकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और पूरी जिम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही आयोजकों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के दृष्टिगत जरूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। ज़िलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न 29 मंदिरों, जहां से बारात व जुलूस निकालना है, वहां की सड़कों के गड्ढे को भरने, लटके तार को सही करने व साफ सफाई सहित अन्य समस्याओं को देखकर उसे तत्काल दूर कर लेने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। डीएम ने कहा कि जुलूस का आयोजन पहले से चल रही अपनी परंपरा के अनुसार, भक्तिपूर्ण,हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से होना चाहिए। कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ हुआ तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसलिए सभी आयोजक अपनी जुलूस में वालंटियर को इसके प्रति सजग कर दें। सभी आयोजक जुलूस निर्धारित रूट से ही जाए।

# 20 व्यापारियों के खिलाफ अर्थदंड जमा न करने पर आरसी जारी

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिलाधिकारी के न्यायालय द्वारा नवंबर व दिसंबर 2023 में अर्थदंड अधिरोपित किया गया था, लेकिन खाद्य कारोबारकताओं द्वारा 30 दिन व्यतीत होने के पश्चात भी अब तक अधिरोपित अर्थदंड जमा नहीं कराया गया है। उनके विरूद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिलाधिकारी के द्वारा आरसी निर्गत कर दी गई है। गुड्डु पटेल पुत्र जवाहिर पटेल निवासी ग्राम-माधोपुर पोस्ट अन्हारीपुर थाना-सुहवल गाजीपुर अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 40,000, अरविन्द पाल पुत्र स्व0 योगेशपाल निवासी ग्राम फिरोजपुर पोस्ट रामपुर जीवन थाना जंगीपुर अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 10,000, संजय यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी ग्राम-बघोल पोस्ट-जंगीपुर थाना-जंगीपुर अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 20,000, प्रेमचन्द गुप्ता पुत्र मुसाफिर निवासी ग्राम-जमानिया स्टेशन पोस्ट-जमानिया थाना-जमानिया अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 35,000, अरविन्द यादव पुत्र गोरख यादव निवासी ग्राम-मुड़वल पोस्ट-फतेहउल्लाह थाना-नन्दगंज अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 20,000, पंकज बरनवाल पुत्र उमेश चन्द्र बरनवाल निवासी ग्राम-तेजपुरा पोस्ट-इन्दौर थाना-मरदह अधिरोपित अर्थदण्ड-रू0 40,000 रुपए। इसके साथ अन्य भी शामिल हैं।




## पोस्टमैन घर-घर जाकर मोबाइल पर एप्लीकेशन के माध्यम से ले रहे है जानकारी

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निःशुल्क पंजीयन : कृष्ण यादव

- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मिलेगी हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, डाकघरों के माध्यम से हो रहा पंजीयन

**केटी न्यूज/बलिया**



अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निःशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी से पीएम सूर्यघर की जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी संबंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। विदित हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हजार जबकि तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्रमशः औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बिजली बचाने और विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की है एवं अंतरिम बजट में लोगों को हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। योजना के तहत एक करोड़ घरों पर बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगाने का एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया था। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे सूर्य की किरणों की मदद से बिजली का उत्पादन होगा। अधिक से अधिक घरों तक इस योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए डाक विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

# खराब मौसम से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों को जारी किए गए 23 करोड़

♦ सीएम के निर्देश पर जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट के लिए जारी किया गया मुआवजा

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से अन्नदाताओं की क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए 23 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। यह धनराशि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जनपदों के लिए जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

**फसलों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट देखते ही सीएम योगी ने स्वीकृत की धनराशि**

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री



इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान

जालौन के लिए जारी हुए सर्वाधिक 5 करोड़ रुपये तो चित्रकूट को दिए एक करोड़

योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गयी थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए 1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

**खराब मौसम से नौ जिलों में सबसे ज्यादा फसलों को हुआ नुकसान**

राहत आयुक्त ने बताया कि खराब मौसम की वजह से प्रदेश के नौ जिलों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलों को सर्वाधिक नुकसान हुआ था। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन जिलों को तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया है। बता दें कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

## गाजीपुर के पांच पौराणिक स्थलों का भी होगा कायाकल्प व सुंदरीकरण

# 2800 करोड़ की लागत से 650 पर्यटन विकास परियोजनाओं का सीएम ने किया शिलान्यास

♦ पौराणिक स्थलों का विकास आस्था एवं संस्कृति का सम्मान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पर्यटन एवं विकास की दृष्टिकोण से उतर प्रदेश को विकसित करने एवं विश्व पटल पर लाने की जोरदार पहल जारी है। ऋषि- मुनियों की तपोस्थली गाजीपुर में पौराणिक स्थलों का विकास आस्था एवं संस्कृति का सम्मान है। इसके अंतर्गत 2800 करोड़ की 650 पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से वर्चवल (लाइव) के माध्यम से से किया गया। ऐसा करके अब तक उपेक्षित पौराणिक स्थलों के लिए सीएम ने एक बड़ी सौगात दी है। विकास संबंधी विभिन्न परियोजनाओं को मुख्यमंत्री ने लागातार लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। लोगों की मानें तो वह हर क्षेत्र में खुशियां दे रहे हैं, जो बहुत ही प्रसंस्नीय कार्य है। यूपी के लोगों में उत्साह एवं जोश को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आगे भी इसी तरह अधूरे परियोजनाओं को एक नये रूप में विकसित करने की तैयारी की है।

इसी क्रम में गाजीपुर में रायफल क्लब सभागार में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह एवं एमएलसी विशाल सिंह चचल के प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य एवं जिला पर्यटन अधिकारी दिव्या तिवारी के साथ पार्टी के कार्यकर्तागण की उपस्थिति में मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा एवं उनके उद्बोधन को सुना। उसके उपरान्त मुख्य अतिथि एवं उपस्थितगण को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

गाजीपुर जनपद में भी पांच पौराणिक स्थलों




का कायाकल्प होगा। ग्रामसभा सिधौना पोस्ट रामपुर में गोमती नदी स्थित महान सन्त पवहारी बाबा के हाथों स्थापित प्राचीन श्री सिद्धनाथ मन्दिर एवं तालाब का सौन्दर्यीकरण, आदर्श रामलीला समिति सरतामगंज बाजार, ब्लाक भदौरा में शेड का निर्माण, विधानसभा मुहम्मदाबाद में सोमेश्वर महादेव मन्दिर, बड़ा महादेवा बैजलपुर का प्रर्यटन विकास, विधानसभा जमानियां में राम जानकी मंदिर, बरूईन का पर्यटन विकास, विधानसभा सैदपुर के अंतर्गत औड़िहार में स्थित बराहधाम का पर्यटन विकास कार्य पांच पौराणिक एवं धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों की परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन के द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास किया जा रहा है। पर्यटन क्षेत्र के विकास से जनपद की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, धार्मिक और पौराणिक स्थलों को संरक्षित किया जाएगा।

## योगी सरकार में चार नए मंत्रियों ने ली शपथ

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल में मंगलवार को चार नए मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने इन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित किया। योगी सरकार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही योगी मंत्रिमंडल में अब 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प देकर शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ



## खबरें फटाफट

### सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**मऊ।** जिला खेल कार्यालय द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में पांच दिवसीय महिला फुटबॉल मैच के द्वितीय दिवस में प्रातः काल का पहला मैच गोरखपुर और बस्ती के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर ने बस्ती को 04-0 के अन्तर से पराजित किया। दूसरा मैच लखनऊ एवं रेनुकोट के मध्य खेला गया, जिसमें लखनऊ ने रेनुकोट को 1 -0 के अन्तर से पराजित किया। तीसरा मैच मिजार्पुर एवं प्रयागराज के मध्य खेला गया, जिसमें मिजार्पुर ने 2-0 से मैच जीत लिया। प्रात:काल के मुख्य अतिथि अनिल सिंह नगर कोतवाल और मनीष सराफ रहे। मुकेष कुमार सब्बरवाल, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा वैज लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत मुकेश कुमार सब्बरवाल द्वारा बुके देकर किया गया। राजीव जयसवाल, अखिलेश खरवार, ओमेन्द्र सिंह, संजय सिंह, शिवगोविन्द राय, प्रमोद जायसवाल उप क्रीड़ा अधिकारी बस्ती आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदेशखाली प्रकरण में अभाविप ने ममता सरकार का पुतला फूंका

**जौनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जौनपुर के कार्यकताओं द्वारा आज तिलकधारी महाविद्यालय के दक्षिणी द्वार पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं कार्यकताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है।

## जमीनी विवाद में किसान की हत्या, पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल

**जौनपुर।** जमीनी विवाद में थाना मड़ियाहूं क्षेत्र के गांव उंचनीकलां में पूर्व प्रधान व साथी किसान पर कुछ दबंगो ने धारदार हथियार से हमला कर दिया गया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनो को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने साथी किसान को मृत घोषित कर दिया। पूर्व प्रधान को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव उंचनीकलां निवासी पूर्व प्रधान प्रताप सिंह पुत्र अजय सिंह का अपने गांव के ही लोगो से ग्राम समाज की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कुछ दिन पूर्व दोनो पक्षो में उसी जमीन को लेकर मारपीट भी हुई थी। जिसमे मुकदमा भी दर्ज हुआ था। सोमवार की देर शाम पूर्व प्रधान प्रताप सिंह अपने पड़ोसी



किसान संजय सिंह(55) के साथ बाइक से कही जा रहे थे। इसी दौरान कुछ दबंगो ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें किसान संजय की मौत हो गयी। वहीं गंभीर हालत में प्रताप सिंह का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना के बाद एसएसपी अजयपाल शर्मा व एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह मृतक के घर पहुंचे तथा उन्हें समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए आमजन को किया गया जागरूक

**मऊ।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों के अनुक्रम मे जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर महोदय एवं अपर जनपद/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तहसील-मधुबन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक जागरुकता शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं अधिवक्तागण द्वारा उपस्थित जनमानस को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण हेतु आंतरिक यौन उत्पीड़न निवारण समिति के गठन किये के बारे में दिव्यांगजन, एवं ट्रांसजेंडरों के विधिक अधिकार व संरक्षण के बारे में माननीय मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, नालस हेल्प लाइन नम्बर 15100 के उपलब्ध निःशुल्क विधिक सलाह और असक्षम व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान किये जा रहे निःशुल्क विधिक सहायता एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकरी देने के साथ ही साथ राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 मार्च 2024 में सहज वाद निस्तारण के बावत प्रचार प्रसार सम्बन्धी पम्फलेट इत्यादि का वितरण किया गया।

# पुलिस लाइन में दंगाइयों से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल

**केटी न्यूज/जौनपुर**

पुलिस लाइन में किया गया बलवा मॉक ड्रिल प्रदर्शन, अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन आदि के विषय में किया गया प्रशिक्षित। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने एवम अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और समाज में भयमुक्त सुदृढ़ वातावरण बनाने ,आपातकालीन परिस्थितियों को काबू में रखने के लिए मॉक ड्रील, बलवा परेड का आयोजन मंगलवार को किया गया।माक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा



विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आंसू गैस के गोले छोड़ना व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानूनी कार्यवाही के तहत बल प्रयोग किया जाए, इसके बारे में भी प्रशिक्षित किया गया तथा बलवा ड्रिल के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।। बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी लाइन देवेश कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### एक वर्षीय नि:शुल्क प्रशिक्षण योजना का लाभ पाने हेतु अभ्यर्थी करें आवेदन

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी एम.आर प्रजापति ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अनु० जाति/अनु०जन जाति एवं पिछडे वर्ग के



लाभार्थ शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, मऊ से सम्बद्ध शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण के अन्तर्गत हिन्दी टंकण, हिन्दी आशुलिपि, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, सामान्य अग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एवं एकाउण्टेन्सी, सामान्य गणित तथा साक्षात्कार तकनीक आदि विषयों का एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका आगामी सत्र 01 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ होकर 31 मार्च 2025 को समाप्त होगा प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है परन्तु हाईस्कूल में अग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु सीमा 1 अप्रैल 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी अपना आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय से प्राप्त करके दिनांक 23 मार्च 2024 तक जिला सेवायोजन कार्यालय, मऊ में जमा करें। चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक 27 मार्च 2024 को अनु०जाति/अनु०जनजाति तथा दिनांक 28 मार्च 2024 पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों का निर्धारित है। साक्षात्कार के समय उक्त तिथियों को अपने शैक्षिक योग्यता तथा जाति से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र मूल रूप से लेकर प्रातः 10 बजे इस कार्यालय में उपस्थित होवे ।

### जौनपुर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह, माता शीतला के धाम में लगाई हाजिरी

**जौनपुर।** टिकट मिलने के बाद पहली बार भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह जौनपुर पहुंचे,चौकियां धाम पहुंचकर शीतला माता का दर्शन कर



आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद चौकियां से पूरे शहर में रोड शो किया। इस दौरान शहर में जाम लग गया। इससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह रोक कर फूलों की बौछार की गई। साथ ही रोड शो के दौरान शहर में कृपा शंकर सिंह को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्रीय चुनाव कार्यालय भूपत पट्टी तक रोड शो कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया ,रोड शो में उनके साथ यूपी के राज्यमंत्री गिरीश यादव व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह साथ रहे। मीडिया से बातचीत के दौरान लोकसभा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा कि सबसे पहले मैं बनारस पहुंच वहां पर बाबा भोलेनाथ की नगरी में काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया उसके बाद सुबह संकट मोचन जाकर हनुमानजी का दर्शन किया और सीधा जौनपुर आया हूं सबसे पहले मां शीतला धाम चौकिया पहुंचकर वहां पर माथा टेका। मीडिया के सवालो का जबाब देते हुए बोले कृपा शंकर सिंह भारतीय जनता पार्टी में लीडरशिप है मोदी जी लीडर है और कांग्रेस पार्टी में डीलर शिप है वह अपनी पार्टी के लिए डीलर का काम कर रहे हैं कभी सपा से चार सीट मांग रहे है तो कभी आम आदमी से दो सीट मांग रहे है साथ ही कहा की जिसने अनुच्छेद 370 का विरोध किया वह भारतीय नहीं हो सकता।



## सुभाषितम्

सच्चाई से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है। - पं. मोतीलाल नेहरू

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

-आशीष वशिष्ठ

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊजार्वान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

## गुयाना की अर्थव्यवस्था ने सारी दुनिया को चौंकाया

वेस्टइंडीज का एक छोटे से देश गुयाना की लॉटरी खुल गई है। माइनिंग और कृषि की आय पर आधारित मात्र आठ लाख की आबादी वाले इस देश में, कच्चे तेल का बड़ा भंडार मिला है। कच्चे तेल के कारण गुयाना की अर्थव्यवस्था में एकाएक भारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। विश्व बैंक के अनुसार दुनिया के सभी देशों की अर्थव्यवस्था में गुयाना की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इसकी आर्थिक विकास दर 38 फीसदी पर पहुंच चुकी है। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड बन गया है। गुयाना कच्चे तेल का उत्पादन और निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश बनकर उभर रहा है। यहां पर तेल की दौळत बरस रही है।अभी 99000 बिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का उत्पादन हो रहा है। 2027 तक लगभग 11 लाख बिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन गुयाना में होने लगेगा। गुयाना पूरे दुनिया के देशों को खाड़ी देशों से कम दाम पर,कच्चे तेल का निर्यात कर रहा है। जिसके कारण गुयाना की आर्थिक स्थिति बड़ी तेजी के साथ बदल रही है। यदि यही स्थिति रही, तो गुयाना का हर नागरिक जल्दी ही अरब के शेखो की तरह अमीर बन जाएगा। विश्व बैंक ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसके अनुसार वर्ष 2023-24 में गुयाना की आर्थिक विकास दर 38 फीसदी रही है। दुनिया के किसी भी देश की इतनी आर्थिक विकास दर नहीं है।भारत की आर्थिक विकास दर 5.8 फीसदी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जरूर 7 फीसदी से ज्यादा आर्थिक विकास दर भारत की रही है। इस हिसाब से दुनिया के सभी देशों की तुलना में गुयाना की आर्थिक स्थिति आने वाले सालों में भी बहुत बेहतर होगी। गुयाना की आबादी मात्र आठ लाख है। यहां पर भारतीय मूल और फ्रांसीसी मूल के नागरिक रहते हैं।अभी तक उनकी आय का एकमात्र स्त्रोत माइनिंग और कृषि हुआ करता था। अब तेल की कमाई से यहां की स्थिति बड़ी तेजी के साथ बदल रही है। गुयाना बहुत छोटा सा सुन्दर देश है।कच्चे तेल के कारण सऊदी अरब, अमेरिका, कनाडा तथा रूस की अर्थव्यवस्था पर विपरीत असर पड़ना तय है।ऐसी स्थिति में गुयाना के ऊपर कई नए अंतरराष्ट्रीय संकट और राजनीतिक दबाव पडना भी तय माना जा रहा है। इस स्थिति से गुयाना की सरकार किस तरह से निपटेगी, इसको लेकर गुयाना सरकार की चिंता बढ़ी हुई है। विश्व बैंक की नजर गुयाना पर बनी हुई है।विश्व बैंक का मानना है, अगले 5 वर्षों में गुयाना मे प्रति व्यक्ति आय में लगभग 115 फीसदी की वृद्धि दर बनी रहेगी। इस तरह की लॉटरी गुयाना की खुलेगी, इसकी कल्पना गुयाना के नागरिकों ने भी नही की थी। अरब देशों की किस्मत करीब सात दशक पहले तेल भंडारों के कारण खुली थी। जब वहां पर तेल के बड़े-बड़े भंडार मिले थे। लगभग सात दशक के बाद अब गुयाना की लॉटरी खुली है। बहुत कम आबादी होने के कारण गुयाना के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। गुयाना में तेल भंडार मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के भाव नियंत्रित हो गए हैं। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है,आगे चलकर कच्चे तेल के दाम और कम होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा विकासशील देशों और आर्थिक रूप से पिछड़े देशों को होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2008 के बाद से कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ते रहे हैं। जिसके कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था ही लड़खड़ा गई थी। ओपेक देशों की दादागिरी के कारण तेल के दाम लगातार बढ़ रहे थे। गुयाना में तेल के जो भंडार मिले हैं। उसके बाद अब ओपेक के सदस्य देशों,अमेरिका और रूस जैसे देशों का तेल के व्यापार में जो एकाधिकार था। उस एकाधिकार को गुयाना ने कमजोर कर दिया है। इसका फायदा दुनिया के सारे देशों को मिलेगा, यह आशा की जाने लगी है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माना जा रहा है, कि कच्चे तेल की कीमतों को वर्तमान स्थिति के कारण लंबे समय तक नियंत्रित रखा जा सकता है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो भारत को भी इसका बड़ा लाभ मिलना तय है। भारत में 80 फीसदी से ज्यादा कच्चे तेल का आयात किया जाता है। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है। कच्चे तेल का भुगतान डॉलर मुद्रा में होने के कारण विदेशी मुद्रा की भी समस्या का सामना करना पड़ता है।

## चिंतन-मनन

## सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है। इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल ?

- प्रभुनाथ शुक्ल

**दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं।**

भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं।हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है।

दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है।

भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है।

विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ र रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है।

भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। क्योंकि यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। विदेशी पर्यटक सड़क के किनारे टेंट लगाकर रहे हैं या समुद्र के किनारे, होटल में रहे या पहाड़ों पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। दुमका में स्पेनिश जोड़े सड़क के किनारे टेंट लगाकर रुके थे जहां स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ कथित तौर पर गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया और सामान भी लुटे।

भारत पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और काशी में बाबा काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद दर्शन के लिए विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। लॉकडाउन के बाद देश में तकरीबन हर साल एक करोड़ से अधिक विदेशी सैलानी भारत भ्रमण पर पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मार्च और अप्रैल में विदेशी सैलानियों का आगमन होता है। क्योंकि पर्यटन के लिए यह मौसम अनुकूल होता है जो पर्यटकों को काफी प्रभावित करता है। भारत में साल 2019 में एक करोड़ 8 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आए। जिससे विदेशी पर्यटकों से सरकार को 2.10 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.94 जबकी 2018 1.77 वहीं 1016 में 1.54 और 2016 में 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.5, 2017 में 100 जबकी 2016 में 88.04 एवं 2015 में 80.27 लाख विदेशी सैलानी भारत घूमने आए। इस हालत में विदेशी सैलानियों की सुरक्षा सबसे अहम हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कठोर से कम कठोर कदम उठाने चाहिए जिससे दुमका जैसी घटनाओं पर विराम लग पाए और भारत में विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिल पाए।

# राजस्थान भाजपा में उठने लगे बगावत के स्वर

-रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिये 15 सीटो पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। उसके बाद चूरू, बांसवाड़ा-डूंगरपुर जैसी कई सीटों पर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। आदिवासी बहुल वागड़ क्षेत्र की बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने कांग्रेस से दलबदल कर भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके बाद उनके खिलाफ खुलकर विरोध होने लगा हैं। बांसवाड़ा से कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा है कि मालवीय ने 40 साल कांग्रेस का खाया, गरीबों का गला दबा के खाया। अब चाहे विधानसभा चुनाव लड़े या लोकसभा का जनता बख्शेगी नहीं। उन्होंने मालवीय पर 15 हजार करोड़ रूपयों के भ्रष्टाचार करने के आरोप भी लगाए हैं। बांसवाड़ा में रविवार को विठ्ठलदेव मंदिर परिसर में एक मीटिंग के दौरान मंत्री रहे अर्जुन सिंह बामनिया ने पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय का नाम लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होने कहा मालवीय 5 बार जिला प्रमुख, 4 बार विधायक, 2 बार मंत्री रहे। कुछ लोग कह रहे हैं कि 15 हजार करोड़ का घपला किया है इसलिए भाजपा में जाना ही पड़ा। कोई चिंता करने की बात नहीं 15 हजार करोड़ खाने के बाद खुद को बचाने के लिए भाजपा में गए तो भी ठीक या फिर लालच से गए तो भी ठीक। लेकिन बांसवाड़ा और बागीदौरा की जनता महेंद्रजीत मालवीय को बख्शेगी नहीं। आज हम सब विठ्ठलदेव से कसम खाकर जाएं कि महेंद्र जीत सिंह मालवीय को घर से निकालना है। इसके साथ ही बांसवाड़ा-डूंगरपुर से भाजपा टिकट की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता हकरू मईडा ने भी महेंद्रजीत मालवीय पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होने कहा हम 40 साल मालवीय के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। उनके भ्रष्टाचार के मामले उठाए। जिसके खिलाफ ईडी की जांच होनी चाहिए थी उसे पार्टी ने टिकट दे दिया। पार्टी ने टिकट दिया है तो पार्टी जाने। जिसको जेल जाना था उसे पार्टी ने सम्मान दिया। अब हम कुछ नहीं बोलना चाहते।

महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कहा मैंने ऐसा कुछ नहीं किया कि ईडी मेरे घर आए। फिर भी आती है तो मैं जांच के लिए तैयार हूं। आरोप चलते रहते हैं। जहां तक अर्जुन बामनिया के आरोप हैं तो मैं पूछना चाहता हूं कि पंचायती राज के बारे में बामनिया क्या जानते हैं। उनको यह नहीं पता कि भारत सरकार से राज्य सरकार से पैसा निकलकर सीधा पंचायत के खाते में जाता है। वहां कलेक्टर कुछ नहीं कर सकता न ही मंत्री या मुख्यमंत्री। 15 हजार करोड़ तो कभी बांसवाड़ा नहीं आया। अगर 40 साल से भ्रष्टाचार हो रहा है तो वे भी 4 बार विधायक रहे हैं। उनको भी तो कुछ न कुछ मिला होगा। वे भी तो शरीक होंगे। उन्होंने कहा मैं शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर विश्वास कर प्रत्याशी बनाया। निश्चित ही हम जीत चुके हैं। 400 प्लस सीट लाकर प्रधानमंत्री मोदी बनेंगे। बांसवाड़ा में रेल लाएंगे। मानगढ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कराएंगे, निम्बाहेड़ा से दाहोद नेशनल हाईवे बनाएंगे। साथ ही टीएसपी के लिए एक मास्टर प्लान बनाएंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

**तुला** आज लाभ होगा और आज आपके पुरूषार्थ और पराक्रम में वृद्धि होगी।

**वृषभ** आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपके धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** पुराना लोन चुकाने में सफल होंगे। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** आज भाग्य में वृद्धि होगी और आज आपको कहीं से रुका पैसा मिल सकता है।

**धनु** आज किसी मामले में नुकसान हो सकता है। भूलकर भी किसी के साथ पैसों का लेनदेन न करें।

**कर्क** आज करियर और कारोबार के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा।

**मकर** धन सम्मान में वृद्धि होगी। विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

**सिंह** आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज धन में वृद्धि होगी। आपको राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे।

**कन्या** आज का दिन किसी प्रकार की उधेड़बुन में बीतेगा और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा।

**मीन** आज धन में वृद्धि होगी। आज का दिन विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी।

## विशेष

### मोदी और बिल गेट्स की मुलाकात वंडरफुल

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स भारत आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुकेश अंबानी के पुत्र की शादी में शामिल हुए। बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना मेरे लिए हमेशा प्रेरणादायक होता है। दोनों महत्वपूर्ण हस्तियों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,वूमेन, लैंड डेवलपमेंट, डीपीआई, एग्रीकल्चर तथा हेल्थ जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स के साथ हुई मुलाकात को वंडरफुल बताया।

### भाजपा पर बढ़ा, महिलाओं को टिकट देने का दबाव

भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है। उसमे मात्र 28 महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने नए संसद भवन की शुरूआत ही महिला आरक्षण बिल से की थी। महिला मतदाताओं की संख्या भी ज्यादा है। जिसके कारण पार्टी के अंदर ही महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सीटें देने का दबाव बन रहा है। भाजपा की पहली सूची में मात्र 14 फीसदी महिलाओं को टिकट दी गई है। भाजपा ने 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही थी। ममता बनर्जी ने पिछले चुनाव में 40 फीसदी महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1544 : तुर्की के सुल्तान सलीम प्रथम ने फारंस के शाह इस्माइल को शिकस्त दी. 1839 : चीन के साथ युद्ध में ब्रिटेन ने हांगकांग पर कब्जा किया. 1908 : नए सुल्तान एम.हाफिज ने मराकेश में मोरक्कों के अब्दुल अजीज को शिकस्त दी. 1944 : रोमानिया ने हिटलर से अपना गठबंधन समाप्त कर जर्मनी के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1947 : वललभ भाई पटेल उपप्रधानमंत्री नियुक्त किए गए. 1952 : अरब लीग सुरक्षा समझौता प्रभावी हुआ. 1962 : अमरीकी टेलस्टार उपग्रह ने अमरीका और यूरोप के बीच टेलीविजन कार्यक्रम का प्रसारण किया. 1975 : कम्युनिस्टों ने लाओस पर पूरी तरह अधिकार कर लिया. 1987 : इराकी विमानों ने ईरानी पेट्रो रसायन परिसर पर जबरदस्त बमबारी की.

## दैनिक पंचांग

06 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.46 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मेष | 08.16 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.56 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.54 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.08 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.24 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.36 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.46 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.01 ब.से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | धनु | 01.17 बजे से |
| | | मकर | 03.22 बजे से |
| | | कुंभ | 05.09 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 66 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 06.31 बजे तदनन्तर एकादशी 04.14 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 14.52 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 11.33 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 06.31 बजे, बव 17.28 बजे तदनन्तर बालव 04.14 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 34' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871910 **जूलियन दिन** 2460375.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 24 **विशेष** विजया एकादशी, महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutldaur.com, Bangalore



# ये हैं दुनिया के 5 सबसे महंगे स्मार्टफोन, खरीदने के लिए करोड़पति को भी करना होगा विचार

टेक्नोलॉजी के मामले में दुनिया कहां से कहां निकल चुकी है, यह तो सभी जानते हैं। पहले जहां एक दूसरे तक बातें पहुंचाने के लिए इंसानों, कबूतरों और चिट्ठियों का सहारा लिया जाता था। उस दौर से अब हम किसी से भी संपर्क के लिए सिर्फ एक क्लिक की दूरी पर हैं। टेक्नोलॉजी के विकास के साथ व्यक्ति ने एक से बढ़कर एक उन्नत तकनीकों से बनी चीजों को इजाद किया है। आजकल हर व्यक्ति के पास स्मार्टफोन देखने को जरूर मिलता है। बच्चा हो या बूढ़ा हर किसी को स्मार्टफोन से संबंधित सभी जानकारी होती है। मार्केट में सस्ते से लेकर महंगे सभी तरह के फोन आसानी से मिल जाते हैं। हर व्यक्ति अपने बजट के अनुरूप इनकी खरीदारी करता है। आज हम आपको दुनिया के कुछ सबसे महंगे फोन की जानकारी देते हैं। इनकी कीमत निश्चित ही आपको हैरान कर देगी।

### Falcon Supernova IPhone 6 Pink Diamond

इस फोन में एक दुर्लभ पिंक कलर का डायमंड लगा हुआ है, जो इसकी सबसे बड़ी खासियत है। इस फोन को खरीदने से पहले किसी करोड़पति व्यक्ति को भी 10 बार सोचना होगा क्योंकि इसकी कीमत 48.5 मिलियन डॉलर यानी तकरीबन 400 करोड़ रुपए बताई जाती है।

### Gold Plated iPhone 4s Elite

यह फोन पूरी तरह से 24 कैरेट सोने से लिपटा हुआ है। आईफोन के इस मॉडल की कीमत 9.4 मिलियन डॉलर यानी 77 करोड़ रुपए है।

### Diamond Rose Edition iPhone 4

एक दशक पुराने इस लग्जरी फोन में 53 हीरे जड़े हुए हैं। इसे खरीदने के लिए किसी को भी 8 मिलियन डॉलर यानी 66 करोड़ रुपए चुकाने होंगे।

### Goldstriker iPhone 3GS

इस शानदार से फोन में जो नेविगेशन की लगी हुई है वह 7.1 कैरेट हीरे की है। ग्रेनाइट केसिंग के इस फोन की कीमत 3.2 मिलियन डॉलर यानी 26 करोड रुपए है।

### iPhone 3G Kings Button

ये मोबाइल येलो, व्हाइट और रोज गोल्ड रंग में मिलता है। इस फोन में इस्तेमाल किए जाने वाले बटन में 6.6 कैरेट का हीरा लगा हुआ है। इसकी कीमत 2.4 मिलियन डॉलर यानी 19 करोड़ रुपए है।



# दुनिया का एक ऐसा अजोबीगरीब गांव

## जहां इंसानों से ज्यादा रहते हैं पुतले

**दुनिया कई ऐसे गांव हैं जो अपने अनोखेपन के लिए लोगों के बीच प्रसिद्ध हैं। ऐसे ही एक गांव के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। इस गांव में पहली बार जाने वाले लोग बुरी तरह डर भी सकते हैं। उनके डरने की वजह यहां जगह-जगह पर मिलने वाले पुतले हैं। इस गांव में इंसानों से ज्यादा पुतले रहते हैं। आइए जानते हैं इस अजीबोगरीब गांव के बारे में....**

### जापान में स्थित है यह गांव

यह गांव एशियाई देश जापान के शिकोकू टापू पर स्थित है। इसका नाम नागोरो है, इसके अलावा इसे पुतलों के गांव के नाम से भी जाना जाता है। यहां घूमने आने वाले टूरिस्ट जगह-जगह पर पुतलों को लगा देख डर जाते हैं। इस गांव में इंसानों से ज्यादा बिजुका रहते हैं। बता दें कि यहां की स्थानीय बोली में पुतलों को बिजुका कहा जाता है। जानकारी के मुताबिक यहां की कुल आबादी जहां केवल 30 है तो वहीं यहां लगे पुतलों की आबादी 300 है।

### क्या है वजह?

इस गांव के गली-चौराहे, घर, बीच, खेत और दुकान पर इंसान कम पुतले ज्यादा दिखाई देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि आखिर हर जगह इन पुतलों की मौजूदगी की वजह क्या है? ऐसा क्या हुआ जिससे इस खूबसूरत गांव को पुतलों का गांव बनना पड़ा। दरअसल इसकी कहानी करीब 1 दशक पुरानी है। एक समय इस गांव में बड़ी संख्या में लोग निवास करते थे, लेकिन काम की तलाश में यहां रहने वाले लोग इस खूबसूरत गांव को छोड़कर दूसरी जगह चले गए। लोगों के लगातार पलायन से गांव धीरे-धीरे खाली हो गया। बस कुछ लोग ही बचे। इसके बाद यहां बाकी बचे लोगों ने अकेलापन दूर करने के लिए एक तरकीब निकाली। उन्होंने यहां जगह-जगह पर पुतले लगा दिए। इन पुतलों का निर्माण गांव की ही एक 70 साल की बुजुर्ग महिला ने किया है। महिला ने बताया कि लोगों के जाने के बाद गांव सूना-सूना सा हो गया था। उस सूनेपन को भरने के लिए उसने पुतलों का निर्माण किया। कहा जाता है कि यहां रहने वाला शख्स जब कोई अकेलापन महसूस करता है, तो पुतलों से बात करने लगता है।





# इस झील के ऊपर हर वक्त कड़कती है बिजली

क्या आप ऐसी किसी जगह रह सकते हैं, जहां एक मिनट में 28 से ज्यादा बार बिजली गिरती हो? जी हां, ऐसी एक जगह हैं जहां ये नज़ारा देखने को मिलता है। उत्तरी वेनेज़ुएला में माराकाइबो झील के आसपास कैटाटुम्बो लाइटनिंग देखने को मिलती है। इसे बीकन ऑफ माराकाइबो या एवरलास्टिंग स्टोर्म भी कहते हैं। यह क्षेत्र एक साल में 160 से ज्यादा तूफानी रातें झेलता है। इस दौरान प्रति वर्ग किलोमीटर 250 से ज्यादा स्ट्राइक्स होती है और वे झील से 100 किमी दूर तक होते हैं। माराकाइबो झील वास्तव में पृथ्वी पर सबसे पुरानी झीलों में से एक है, जो 36 मिलियन वर्ष पुरानी है। यह बिजली झील के किनारे रहने वालों के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करती है। वास्तव में, वे हर रात आसमान की ये रोशनी देखने के आदी हो गए हैं।

# 'हिम राक्षस' देखना है, तो जापान के इस अनोखे पहाड़ की सैर करें



जापान में एक अनोखा पहाड़ है जो कि आपको डरा सकता है। इस पहाड़ पर विशालकाय राक्षस जैसी आकृति देखकर कोई भी दंग रह जाएगा। हिम राक्षस के रूप में पहचाने जाने वाला माउंट ज़ाओ इन डरावनी आकृतियों के कारण प्रसिद्ध है। तोहोकू क्षेत्र में यामागाटा और मियागी प्रान्त के बीच की सीमा पर स्थित, माउंट ज़ाओ के ये अनोखे राक्षस नुमा पहाड़ देखने के लिए लोग सर्दियों में पहुंचते हैं। लेकिन खास बात यह है कि हर मौसम में इनके रूप बदलते हैं। सर्दी के मौसम में बर्फ से ढंके रहते हैं, तो बसंत में रंगीबिरंगे लगने लगते हैं। वहीं गर्मी में नीले पानी को देखने का लिए पर्यटकों की भीड़ लग जाती है। यह पहाड़ 1800 मीटर ऊँचा है।



# वियतनाम में हैं सांपो का बगीचा, फलों की जगह पेड़ों पर लटकते हैं जहरीले सांप

**दुनिया में ऐसे कई बड़े-बड़े बगीचे हैं जो अपने स्वादिष्ट और सुंदर फलों के लिए प्रसिद्ध हैं। लोग इन बगीचों में फलों को देखने और इनका स्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। लेकिन जरा सोचिए यदि बगीचे में लगे पेड़ों पर फल की जगह जहरीले सांप ले लें तो फिर क्या ऐसे स्थानों पर जाने की लोग हिम्मत करेंगे?**

ये सुनने में जरुर अटपटा लगे पर दुनिया में ऐसा बगीचा मौजूद है जहां सुंदर फलों की जगह सांप लटकते हैं। यह अनोखा बगीचा वियतनाम देश में स्थित है। डोंग टैम स्नेक फार्म नाम के इस बगीचे के पेड़ों की डाल-डाल पर सांप लटकते नजर आते हैं। इस फॉर्म का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम यूजर द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में फलों की जगह पेड़ों से सांप लटके नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर अबतक लाखों लोग देख और लाइक कर चुके हैं। वहीं यूजर्स इस पर तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं। वो इसे दुनिया की सबसे डरावनी जगह बता रहे हैं। इस फॉर्म जहरीले सांपों की चार से ज्यादा प्रजातियां मौजूद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस जगह सांपों को पालने का एक खास कारण है। दरअसल, यहां बनने वाली दवाईयां बनती हैं जो सांपों के जहर से बनाई जाती हैं। इनका उपयोग जहर को बेअसर करने वाले एंटीडोट बनाने में किया जाता है।

### देखने आते हैं लाखों पर्यटक

बेहद खतरनाक माने जाने वाला यह स्थान, अब एक पर्यटक स्थल भी बन चुका है। यहां हर साल लाखों की संख्या में घूमने आते हैं। जो यहां लटके सांपों को देखकर सहम जाते हैं। 12 हेक्टेयर में फैले इस फॉर्म में लोग घूमने के अलावा सांप के काटने के बाद इलाज कराने भी आते हैं। यहां प्रतिदिन एंटीडोट बनाने के लिए शोध किया जाता है। यही कारण है कि इस फॉर्म में सैंकडों जहरीली प्रजाति के सांप रखे गए हैं।

# हैरान करती है रंगबिरंगे गड्ढों वाली ये झील

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया की स्पॉटेड लेक पर्यटकों के बीच उत्सुकता का विषय रही है। इस झील में कई खनिज पाए जाते हैं। सोडियम सल्फेट, कैल्शियम, मैगनीशियम सल्फेट और टाइटेनियम जैसे खनिज इस झील में पाए गए। इन खनिजों के कारण ही गर्मी के मौसम में अलग-अलग रंग के स्पॉट्स बन जाते हैं। अमीबा के आकार की स्पॉटेड झील साल भर रंग बदलती है और गर्मियों के दौरान खुद को सफेद, हरे, नीले और पीले पूल में विभाजित कर लेती है। ऐसा कहा जाता है कि इस झील में दुनिया में इस खनिज की सबसे अधिक प्राकृतिक सांद्रता है।





# दुनिया का रहस्यमयी स्थान जहां चार हजार साल से लगातार जल रही है आग

पृथ्वी में आज भी ऐसी कई जगहें मौजूद हैं जो अपने रहस्यमयी चीजों को लेकर काफी ज्यादा चर्चित रहती हैं। जिनके बारे में सुनकर या उन्हें देखकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। ऐसी ही एक रहस्यमयी जगह के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जहां पिछले चार हजार साल से लगातार आग जल रही है। यह आग ऐसी है कि इतनी सदियां बीत जाने के बाद भी न तो आंधी तूफान और न ही बारिश व बर्फबारी इस आग को बुझा पा रही है। एक पहाड़ी पर जल रही इस आग को स्थानीय भाषा में यानर डाग कहा जाता है। हिंदी में जिसका मतलब जलती हुई पहाड़ी होता है। इस देश में मौजूद है


यह अनोखी जगह यह अनोखी जगह एशियाई देश अजरबैजान अबशेरोन प्रायद्वीप की पहाड़ी पर स्थित है। इस आग को देखने के लिए दुनिया भर से हर साल लाखों लोग आते हैं। हजारों साल से यहां आग जलते रहने का कारण जमीन की सतह से गैस का लीक होना है। दरअसल, अजरबैजान में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक गैस के भंडार हैं। यह बर्षों पुरानी आग उसका ही एक दुष्प्रभाव है। होता यह है कि कभी कभी गैस लीक होने के चलते उसमें आग लग जाती है और इस देश में ऐसा कई जगह होता है। यही कारण है कि अजरबैजान को लैंड ऑफ फायर यानी आग की धरती कहा जाता है। यहां कई जगह पर ऐसी आग जलती है जो गैस लीक होना बंद होने के साथ बुझ जाती है। लेकिन यानर डाग की आग के साथ ऐसा नहीं है। यहां लगातार गैस का रिसाव हो रहा है जिसके चलते बीते कई सालों से यहां आग जल रही है। इस नजारे को देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। इस आग की खोज 13 शताब्दी में सिद्ध वेनिस के खोजकर्ता मार्को पोलो ने की थी। दरअसल वो विदेश यात्रा के दौरान अजरबैजान के इस अनोखे स्थान से होकर गुजरे थे। जहां उन्हें इसके बारे में पता चला। जिसका जिक्र उन्होंने अपने यात्रा वृतांत में किया। बता दें कि उस समय लोग इसे रहस्यमयी घटना मानते थे। दरअसल, उस समय किसी को अजरबैजान में प्राकृतिक गैस के भंडार होने के बारे में जानकारी नहीं थी।



# टाटा मोटर्स का शेयर 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा

▶▶ कारोबार के दौरान आई करीब आठ फीसदी तेजी ▶▶ पीवी और सीवी बिजनस अलग-अलग करेगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स का शेयर आज करीब आठ फीसदी तेजी के साथ 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी अपने पैसेंजर वीकल और कमर्शियल वीकल बिजनस को अलग करने जा रही है। इससे कंपनी के शेयरों में आज काफी तेजी दिखाई दी और यह 7.9 प्रतिशत तेजी के साथ 1065.60 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। दोपहर बाद 1.45 बजे यह 3.17 प्रतिशत तेजी के साथ 1018.50 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इन्वेस्टर्स प्रस्तावित डिमर्जर से बेहतर वैल्यू डिस्कवरी की उम्मीद कर रहे हैं। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। इस साल इसमें 30 फीसदी से अधिक तेजी आई है।




डिमर्जर में 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। इसके बाद बनने वाली टाटा मोटर्स पीवी का पैसेंजर वीकल सेगमेंट में सीधा मुकाबला मारुति, हुंडई और महिंद्रा एंड महिंद्रा से होगा। इस सेगमेंट में मारुति लीडर है। दूसरी ओर सीवी यानी कमर्शियल सेगमेंट में टाटा मोटर्स के आगे अशोक लीलैंड की चुनौती होगी। जानकारों का कहना है कि डिमर्जर से टाटा मोटर्स के शेयरों में बेहतर वैल्यू डिस्कवरी देखने को मिलेगी। डिमर्जर के बाद कंपनी के शेयरहोल्डर्स को दोनों लिस्टेड कंपनियों में समान शेयरहोल्डिंग रहेगी।

### कहां से आता है सबसे ज्यादा रेवेन्यू

एमके ग्लोबल के चिराग ग्लोबल ने कहा कि टाटा मोटर्स की डिमर्जर की योजना मैनेजमेंट के इस भरोसे को दिखाती है कि दोनों कंपनियां अलग-अलग काम कर सकती हैं। ऐतिहासिक रूप से देखें तो कमर्शियल वीकल बिजनस का कैश फ्लो बेहतर रहा है जबकि पैसेंजर वीकल सेगमेंट को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। दिसंबर तिमाही में टाटा मोटर्स का रेवेन्यू 1.1 लाख करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का मार्केट कैप करीब 3,39,237 करोड़ रुपये है जबकि घरेलू मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 13.8 फीसदी है। लेकिन इसके रेवेन्यू में 70 फीसदी हिस्सेदारी जगुआर लैंड रोवर की है। कमर्शियल वीकल्स की 18 फीसदी और पैसेंजर वीकल्स की 12 फीसदी हिस्सेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमिताभ बच्चन के पास हैं –डीपी वायर्स कंपनी के 298545 शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे सुपरस्टार हैं जिनकी दिलचस्पी शेयर बाजार में है। कुछ एक्टर्स तो शेयर बाजार में निवेश कर कमाई भी कर रहे हैं। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी शेयर बाजार में दांव लगाकर कमाई करते हैं। अमिताभ बच्चन के पोर्टफोलियो में चर्चित शेयर-डीपी वायर्स का है। इस कंपनी में अमिताभ बच्चन की हिस्सेदारी एक फीसदी से ज्यादा की है। बीते शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के दौरान डीपी वायर्स के शेयर पर निवेशक टूट पड़े थे। सप्ताह के इस आखिरी कारोबारी दिन शेयर की कीमत 538.10 रुपये थी। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर में 2.09 प्रतिशत की तेजी थी। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 548 रुपये तक गई थी। बता दें कि 17 नवंबर 2023 को शेयर की कीमत 677.80 रुपये तक गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी था। हालांकि, इसके बाद मुनाफावसूली आई और फरवरी 2024 में शेयर 452 रुपये तक लुढ़का। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। बिग बी के नाम से मशहूर अमिताभ बच्चन के पास डीपी वायर्स के 2,98,545 शेयर हैं। यह 1.93 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। हालांकि सितंबर तिमाही के मुकाबले देखें तो अमिताभ बच्चन ने अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। सितंबर 2023 तिमाही में डीपी वायर्स के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार अमिताभ बच्चन के पास कंपनी के 1,99,310 शेयर थे जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.47 प्रतिशत था। इससे पहले अप्रैल से जून 2023 तिमाही में अमिताभ बच्चन के पास डीपी वायर्स के 2,81,112 शेयर थे, जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 2.07 प्रतिशत था। कहने का मतलब है कि अमिताभ बच्चन समय-समय पर इस शेयर में मुनाफावसूली भी करते रहे हैं।

### विराट कोहली के दांव वाली कंपनी का आ रहा आईपीओ, सेबी की मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गो डिजिट के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को मंजूरी दे दी है। गो डिजिट के आईपीओ को दूसरे प्रयास में मंजूरी मिली है। बता दें कि गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को कनाडा स्थित फेयरफैक्स ग्रुप का समर्थन प्राप्त है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक गो डिजिट के प्रस्तावित आईपीओ में 1250 करोड़ के शेयरों का एक फ्रेश इश्यू है। इसके अलावा आईपीओ में प्रमोटर गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 10.94 करोड़ शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी के पूंजी आधार को बढ़ाने, सॉल्वेंसी स्तर को बनाए रखने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। गो डिजिट के प्रमुख निवेशकों में क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी प प्रतिशती अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। इन दोनों सेलिब्रेटी ने फर्म में निवेश किया है।

# अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारियों की बल्ले-बल्ले, दिल्ली की आजादपुर मंडी भी गुलजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस बार अनार की अच्छी पैदावार हुई है। अब अनार का एक्सपोर्ट अमेरिका समेत कई देशों में हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले दिनों ङ्ग पर लिखा कि अमेरिका के लिए स्वाद और सेहत का उपहार, भारत से रवाना हुए रसदार अनार। कृषि निर्यात निकायएपीडा के मुताबिक 4,200 बक्शे (12.6 टन) अनार का शिपमेंट 28 फरवरी को भेजा गया है। दिल्ली में भी अच्छी क्वालिटी का अनार आ रहा है। आजादपुर मंडी में न्यू अनार मर्चेंट असोसिएशन के सदस्य प्रवीण बघाई ने बताया कि अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारी दोनों उत्साहित हैं। इस समय कच्छ और भुज से अनार आ रहा है। फिर मई जून से महाराष्ट्र से आएगा, जो पूरे साल रहेगा। कच्छ-भुज से पहले राजस्थान से दिल्ली में अनार आ रहा था।

प्रवीण ने बताया कि 3-4 साल पहले महाराष्ट्र में काफी बरसात हुई। वहां के पेड़ पौधे खत्म हो गए। दो-तीन साल मार्केट में अनार कम हो गया था। बाद में किसानों ने अनार की फसल तैयार की। महाराष्ट्र के अनार की क्वालिटी भी काफी अच्छी मानी जाती है। इसका दाना बढ़िया होता है। इसी तरह राजस्थान का अनार भी पसंद किया जाता है। कच्छ-भुज के



अनार का बीच छोटा और रसीला होता है। फिर भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का माल महाराष्ट्र से जाता है। आजादपुर मंडी में अनार की औसतन 30 गाड़ियां रोजाना आ रही हैं। एक गाड़ी में 15 से 20 टन माल होता है। मंडी में 20 से 100 रुपये किलो अनार बेचा जा रहा है। रिटेल मार्केट में दुकानदार माल, क्षेत्र और ग्राहक के हिसाब से रेट तय करते हैं। आजादपुर मंडी में 80 से 100 आढ़ती हैं। द चेंबर ऑफ आजादपुर फ्रूट एंड वेजिटेबल असोसिएशन के महासचिव राजकुमार भाटिया ने बताया कि अच्छे साल में अच्छी फसल की बात करें, तो किसान को अनार की खेती में 3 से 5 लाख रुपये प्रति एकड़ की सकल आय प्राप्त होती है। ये किसी भी अन्य फसल से अधिक है। महाराष्ट्र के किसानों की समृद्धि में अनार और अंगूर प्रमुख हैं। देश में अनार की अलग-अलग किस्में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होती हैं। भगवा किस्म का अनार ज्यादा बिकता है। एक दशक में राजस्थान और गुजरात के तीन चार जिलों में अनार की फसल बढ़ी है। इससे पहले देशी अनार राजस्थान के कुछ क्षेत्रों और हरियाणा के हिसार में होता था। हिसार यूनिर्वसिटी से पौध हर जगह जाती थी, लेकिन इसकी खूबसूरती कम थी। फिर 80 के दशक में पूसा इंस्टीट्यूट ने अफगानिस्तान के विकल्प के रूप में अनार और अंगूर की खेती को महाराष्ट्र में बढ़ावा दिया था। हिमाचल की कुल्लू बेल्ट के अनार भी उत्तर भारत में कई जगह पहुंचते हैं। सीजन का साइकल नवंबर से अगस्त तक एक जैसा रहता है।

देश में अनार का क्षेत्रफल 2,76,000 हेक्टेयर, उत्पादन 31,03,000 मीट्रिक टन है। अनार की खेती मुख्य रूप से महाराष्ट्र के पुणे, अहमदनगर, पुणे, सांगली, सोलापुर और वाशिम में होती है। अभी महाराष्ट्र में अनार की फसल के तहत 73,027 हेक्टेयर क्षेत्र कवर है। वहीं राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक में इसकी खेती की जाती है।

### 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात

साल 2022-23 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बांग्लादेश, नेपाल, नीदरलैंड, सऊदी अरब, श्रीलंका, थाईलैंड, बाहरीन, ओमान सहित देशों में 58.36 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात किया गया है। भारत दुनिया में अनार के उत्पादन में सातवें स्थान पर है।

# कारोबारी गतिविधियों, बिक्री में नरमी के चलते फरवरी में सर्विस सेक्टर की वृद्धि सुस्त पड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा, हालांकि यह पहले के मुकाबले थोड़ा कमजोर पड़ गया।

# इंश्योरेंस पॉलिसी लेने वालों को होगा फायदा, सरेंडर चार्ज में हो सकते हैं बदलाव

**मुंबई, एजेंसी।** इंश्योरेंस रेग्यूलेटर इरेडा प्रस्तावित सरेंडर चार्जेज को तर्कसंगत बनाने पर विचार करने के लिए तैयार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित सरेंडर वैल्यू के दो पहलुओं पर इसे तर्कसंगत बनाने की दिशा में काम चल रहा है। लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने लॉन्ग- टर्म, शॉर्ट-टर्म सरेंडर वैल्यू को अलग अलग करने की सिफारश की है। सूत्रों के अनुसार आईआरडीएआई सरेंडर वैल्यू को कैलकुलेन के लिए लिमिट में कटौती पर भी विचार कर सकता है। अगर लिमिट कम कर दी जाती है तो सरेंडर वैल्यू भी कम हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बीमा नियामक की मार्च में होने वाली बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित सरेंडर वैल्यू को तर्कसंगत बनाने के कदमों पर विचार किए जाने की संभावना है।

नए नियमों के प्रस्ताव के तहत बीमा कंपनियों को उन कस्टमर्स को भुगतान किए जाने वाले अमाउंट में बढ़ोतरी करनी होगी जो अपनी



योजना को जल्दी बंद करने का विकल्प चुनते हैं। इससे निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास कम बिक्री या कम मुनाफे का विकल्प है। यदि बीमा कंपनी कमीशन में कटौती करके हाईयर पेआउट का विकल्प चुनती है, तो यह पॉलिसी की बिक्री को प्रभावित कर सकता है। यदि वे अपना कमीशन बनाए रखते हैं तो उन्हें पॉलिसी से मिलने वाली आमदनी का नुकसान होगा।

इस कदम का मकसद इंश्योरेंस कंपनियों को पहले साल में कमीशन के चक्कर में गलत बिक्री पर अंकुश लगाना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बीमा कंपनी अपनी क्षमता को बनाए रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश करें। कंपनियों की दलील कंपनियों की दलील प्रस्ताव में सरेंडर वैल्यू में ज्यादा बढ़ोतरी और सरेहर चार्ज में कमी की बात कही गई अगर ये लागू हुआ तो लाइक इंश्योरेंस कंपनियों की तरफ से अपने पॉलिसीहोल्डर्स को दी जाने वाली सरेंडर वैल्यू लगभग दोगुनी हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी के सरेंडर करने पर इंश्योरेंस कंपनियां सरेंडर चार्ज काटती हैं, क्योंकि वे पॉलिसी बेचने की अपनी सभी कॉस्ट को पहले ही बुक करती है। ऐसे मामले है जब पहले वर्ष के प्रीमियम का 75 प्रतिशत अलग-अलग कॉस्ट पर जाता है। इनमें कॉरपोरेट एजेंट (आमतौर पर बैक या पर्सनल एजेंट को पे किया जाता है। एक दशक पहले रेगुलेटर ने यूलिप पर चार्ज की अधिकतम सीमा तय की थी।

# आरबीआई के फैसले के बाद आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर में लगा 20 प्रतिशत लोअर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय बैंक आरबीआई की कार्रवाई ने आईआईएफएल फाइनेंस के शेयरों पर तगड़ी स्ट्राइक की है। आरबीआई ने इसे तत्काल गोल्ड लोन बांटने से रोक दिया है जिसके चलते शेयरों को तगड़ा झटका लगा है। आज कारोबार की शुरुआत होते ही इसके शेयर 20 फीसदी टूटकर लोअर सर्किट पर आ गए। मार्केट में इसके शेयरों का एक भी खरीदार नहीं है जिसके चलते सर्किट खुल नहीं पा रहा है और यह 478.50 रुपए के भाव पर बना हुआ है। पिछले साल इसके शेयर 16 अक्टूबर 2023 को एक साल के हाई 704.20 रुपए और 14 मार्च 2023 को एक साल के निचले स्तर 408.40 रुपए पर थे।




### आरबीआई ने क्यों की कार्रवाई

आरबीआई ने सुपरवाइजरी से जुड़ी चिंताओं के चलते आईआईएफएल फाइनेंस पर गोल्ड लोन बांटने पर रोक लगा दिया है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है। इस मामले में कंपनी ने सफाई पेश की है कि आरबीआई ने जो आपत्तियां जताई हैं, उस पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा और गोल्ड लोन सर्विसेज में दिक्कत नहीं आने दिया जाएगा। आईआईएफएल फाइनेंस का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो दिसंबर 2023 तिमाही में सालाना आधार पर 35 फीसदी उछलकर 24,692 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह देश के 25 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 2721 नगरों और शहरों में गोल्ड लोन मुहैया कराता है।

### ब्रोकरेज का क्या है रुझान

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आरबीआई की कार्रवाई के बावजूद इसकी खरीदारी की रेटिंग को बरकरार रखा है। इसका टारगेट प्राइस 765 रुपए फिक्स किया है। ब्रोकरेज के मुताबिक आरबीआई ने स्पेशल ऑडिट और रेक्टिफिकेशन प्रोसेस के बाद आईआईएफएल फाइनेंस पर प्रतिबंध लगाया है जिससे इसकी कमाई पर निगेटिव असर पड़ सकता है।

# बिटकॉइन की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंची

एक साल में 200 प्रतिशत चढ़ चुकी है यह क्रिप्टोकरेंसी

### साल 2010 में मात्र 0.008 डॉलर थी इसकी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय, सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। 10 नवंबर, 2021 को 68,789 डॉलर पर पहुंचने के बाद इसकी कीमत में काफी गिरावट आई थी। लेकिन हाल के दिनों में इसमें काफी तेजी देखी जा रही है। सोमवार को ट्रेड के दौरान यह 68,791 डॉलर पर पहुंच गई। अमेरिका में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है जिसके बाद एक बार फिर निवेशकों का रुख इस ओर हुआ है। पहले 11 स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ जनवरी में लॉन्च हुए थे जो इस क्रिप्टोकरेंसी की रियल-टाइम मार्केट प्राइस को ट्रैक करते हैं।

बिटकॉइन की कीमत में पिछले एक साल में 200 परसेंट से अधिक तेजी आई है। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में बिटकॉइन की आधी से अधिक हिस्सेदारी है। बिटकॉइन दुनिया की सबसे पुरानी क्रिप्टोकरेंसी है। इसे 2009 में लॉन्च किया गया था। साल 2010 में इसकी कीमत 0.008 डॉलर थी। यानी एक डॉलर में आप 125 बिटकॉइन खरीद सकते थे। अगर तब आपने यह निवेश किया होता तो आज आपके निवेश की वैल्यू 81 लाख



डॉलर यानी 67,17,01,000 रुपये होती।

### क्यों चढ़ रही है कीमत

बिटकॉइन में तेजी के कई कारण हैं। अमेरिका में हाल में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है। इसके बाद से इसके वॉल्यूम में गजब की तेजी आई है। आने वाले दिनों में बिटकॉइन को दो हिस्सों में बांटने की भी तैयारी है। साथ ही कई जियोपॉलिटिकल कारणों से इन्वेस्टर्स अपने पोर्टफोलियो को डाइवरसिफाई करना चाहते हैं। यही वजह है कि वे बिटकॉइन का रुख कर रहे हैं जिसे डिजिटल इन्वेस्टमेंट का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। बिटकॉइन के वर्चुअल क्रिएटर सतोशी नाकामोतो ने 28 अक्टूबर, 2008 को इसका व्हाइटपेपर जारी किया था लेकिन इसकी मिंट डेट तीन जनवरी, 2009 थी।

# जिस कंपनी में किया कर्मचारी की तरह काम उसी की बन गईं फाउंडर! अब करोड़ों का पैकेज

**नई दिल्ली, एजेंसी। आकृति चोपड़ा की सफलता लाखों-लाख को इंस्पायर करती है। वह 2011 में बतौर कर्मचारी जोमैटो से जुड़ी थीं। 10 साल में आकृति इसी कंपनी की सह-संस्थापक बन गई। उनकी पहचान भारत की फूड-टेक क्वीन के तौर पर भी होती है। जोमैटो से पहले आकृति ने पीडब्ल्यूसी में चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के तौर पर भी काम किया। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। आकृर्ता दिल्ली के लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन से ग्रेजुएट हैं। जमी-जमाई नौकरी छोड़कर जोमैटो से जुड़ने का फैसला पूरी तरह से उनका था। इस फैसले का माता-पिता ने विरोध भी किया। लेकिन, आकृति ने उन्हें मना लिया। आइए, यहां उनके सफर के बारे में जानते हैं।**

### आज को-फाउंडर हैं आकृति

आकृति चोपड़ा अभी जोमैटो में चीफ पीपुल ऑफिसर और को-फाउंडर हैं। इस कंपनी का मूल्य 17 अरब डॉलर से ज्यादा है। जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक



इंटरव्यू में पिछले एक दशक में कंपनी के प्रति आकृति की अटूट प्रतिबद्धता और योगदान के लिए उनकी जमकर तारीफ की थी। कंपनी के साथ उनके जुड़े रहने के दौरान मजबूत फाइनेंशियल टीम बन पाई।

### तेजी से एक-एक पायदान चढ़ती गईं

जोमैटो में रहते हुए आकृति चोपड़ा ने लीगल, गवर्नेंस, रिस्क और कम्प्लायंस सहित अलग-अलग टीमों को हैंडल किया। वह 2011 में सीनियर मैनेजर (फाइनेंस एंड ऑपरेशंस) के तौर पर कंपनी में शामिल हुई थीं। फिर वह कंपनी के भीतर ही तेजी से एक-एक पायदान बढ़ती गईं। 2012 में वह वीपी (फाइनेंस एंड ऑपरेशंस) बन गईं। 2020 में आकृति सीएफओ की भूमिका में आ गईं। 2021 में उन्हें को-फाउंडर और चीफ पीपुल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया।

### करोड़ों का पैकेज

1988 में जन्मीं आकृति चोपड़ा गुरुग्राम में रहती हैं। उन्होंने डीपीएस, आरके पुरम से पढ़ाई की और एलएसआर से बीकॉम पूरा किया। जोमैटो ज्वाइन करने से पहले उन्होंने पीडब्ल्यूसी में तीन साल नौकरी की थी। 2021 में जब जोमैटो का आईपीओ आया था तब आकृति के इएसओपी शेयरों का मूल्य 149 करोड़ रुपये आंका गया था। यह तो नहीं पता कि उन्होंने इन शेयरों को बेचने का विकल्प चुना या नहीं। लेकिन, वह सबसे अधिक शेयर मूल्य वाले कर्मचारियों में से एक थीं। इसके अलावा 2021 में उनका सालाना वेतन 1.63 करोड़ रुपये था। आकृति चोपड़ा ने ब्लिंकिट के संस्थापक अलबिंदर ढींडसा से शादी की है। ब्लंकिटि का बाद में जोमैटो ने अधिग्रहण कर लिया था।

### कई पुरस्कारों से कयिा जा चुका है सम्मानित

आकृति को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें 2017 में फोर्ब्स इंडिया की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था। उन्हें 2018 में वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार से भी नवाजा गया था। अपनी मेहनत और समर्पण से उन्होंने कंपनी को भारत में अग्रणी ऑनलाइन फूड डिस्ट्रीब्यूशन सर्विस में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे

## प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल



**धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा**

धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।

**धर्मशाला।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही ॥क्र स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।



### टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई

इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1:30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे। दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

**खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़**

रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष पर रहीं शीतल, नॉकआउट में मिलेगी शीर्ष वरीयता

**दुबई, एजेंसी।** अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

बिना बाजुओं की तीरंदाज शीतल देवी आठवें फजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के



क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर रहीं। यह पेरिस पैरालंपिक का क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है। शीतल ने महिला कंपाउंड के ओपन वर्ग में 360 में से 348 का स्कोर किया। अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। हालांकि उन्हें और राकेश कुमार को कंपाउंड मिक्स टीम के सेमीफाइनल में तुर्की के हाथों 145–148 से हार का सामना करना पड़ा। राकेश का एक निशाना पांच पर लगा, जिससे समीकरण बिगड़ गए।

### टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इस देश के साथ सीरीज खेलेगा पाकिस्तान

**कराची।** टी–20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से दोनों टीमों के लिए ये सीरीज बहुत ही अहम है। इस सीरीज में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप के लिए सही टीम संयोजन तलाशने की कोशिश करेंगे। लेकिन अब सीरीज से पहले ही न्यूजीलैंड का एक डेलीगेशन सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेने के लिए पाकिस्तान पहुंच गया है। पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का डेलीगेशन न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल में होने वाली



टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक डेलीगेशन पाकिस्तान पहुंच गया है। इस डेलीगेशन में न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह डेलीगेशन लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए पहुंचा है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैच की सीरीज अप्रैल में लाहौर और रावलपिंडी में खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों और उन होटलों का दौरा करेगा जहां टीम को ठहरना है। वह टीम की सुरक्षा योजना को लेकर सरकार और सुरक्षा अधिकारियों से भी जानकारी लेगा। डेलीगेशन में न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के सीईओ भी शामिल हैं।



# आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

## सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता

नईदिल्ली, एजेंसी। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था।

**22 मार्च से शुरू होगा मौजूदा सीजन**

आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

**धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में हो गए थे चोटिल–** धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। धोनी की यह फोटो गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के पहले मैच की है। जब गुजरात की पारी के आखिरी ओवर में धोनी डाइव लगाने के दौरान चोटिल हो गए थे।

# शटलर बी साई प्रणीत ने किया संन्यास का एलान


**31 की उम्र में खत्म किया शानदार करियर**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 31 वर्षीय बी साई प्रणीत ने अपने शानदार करियर को समाप्त करने का एलान सोमवार को इंस्टा के जरिए किया। भावुक पोस्ट के जरिए स्टार शटलर ने नई पारी की शुरुआत की भी जानकारी दी। भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने रविवार को संन्यास का एलान कर दिया। 31 वर्ष की उम्र में स्टार शटलर ने अपने करियर को समाप्त कर दिया। प्रणीत ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 36 साल बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को खत्म करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट किया।

**फ्रेंच ओपन**

# सिंधू चार महीने बाद सुपर सीरीज टूर्नामेंट में उतरेंगी



**देश के सभी शीर्ष शटलर पेश करेंगे दावेदारी**

**पेरिस, एजेंसी।** चोट के चलते कोर्ट से दूर रहने वाली सिंधू ने भारत को एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन एकल मुकाबले खेले, जिसमें उन्हें दो में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा है।

एशियाई टीम चैंपियनशिप के जरिए बीते माह कोर्ट पर वापसी करने वाली पीवी सिंधू चार माह बाद किसी सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरने जा रही हैं। मंगलवार से शुरू होने जा रहे फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंधू ही नहीं बल्कि देश के सभी शीर्ष शटलर अपनी दावेदारी पेश करने जा रहे हैं। सभी की निगाहें पेरिस ओलंपिक के टिकट के लिए इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी रैंकिंग सुधारने पर होंगी। खासतौर पर विश्व नंबर 19, 24 लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कठिन ड्रॉ के बावजूद अपना प्रभाव छोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। पिछले तीन टूर्नामेंट में उपविजेता के साथ संतोष करने वाली विश्व नंबर एक जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर सभी की निगाहें होंगी।

### लक्ष्य-श्रीकांत को पहले दौर में कड़ी टक्कर

सात्विक–चिराग को नवंबर में बीते वर्ष चाइना ओपन मास्टर्स, मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली। यहां उनके पास खिताब जीतने का मौका होगा। उनका सामना पहले दौर में मलयेशियाई जोड़ी ओंग ये सिन और तेओ एई यी से होगा। सात्विक का कहना है कि हमने तीन टूर्नामेंट के फाइनल खेले और तीनों हारे। हमें अहम मौकों पर शांत रहना होगा। विश्व नंबर सात और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एचएस प्रणय पहले दौर में चीन का लू गुआंग जू से टकराएंगे। लक्ष्य के सामने जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती होगी, जबकि श्रीकांत के सामने ताइवान के चोउ तिएन चेन होंगे। उभरते शटलर प्रियांशु राजावात विश्व नंबर एक डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से टकराएंगे। महिला युगल में त्रिशा जॉली–गायत्री गोपीचंद के अलावा अश्वनी पोनप्पा–तनीषा क्रास्टो भी ओलंपिक टिकट के लिए जोर लगाएंगी।

**पेरिस ओलम्पिक्स 2024**

# क्वालिफायर के पहले दौर में हारीं जैस्मिन

## अभी भी छह मुक्केबाज कोटा हासिल करने की दौड़ में

**बस्टो अरसीजिओ (इटली),** एजेंसी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन का क्रम जारी है।

दीपक बोरिया और नरेंदर कुमार की हार के बाद रविवार की देर रात राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया भी 60 भार वर्ग में पहले दौर में हार गईं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। सोमवार की देर रात लक्ष्य चाहर 2021 की एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले ईरान के मेयसाम घेशलाघी से भिड़ेंगे।



**रणजी ट्रॉफी में बवाल**

# कोच ने कप्तान पर फोड़ा हार का ठीकरा, आमने-सामने थे मुंबई-तमिलनाडु

**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के हाथों मिली करारी हार के बाद तमिलनाडु टीम में अफरा–तफरी का माहौल है। टीम का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। एक–दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने हार के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए टॉस को दोषी ठहराया है। तमिलनाडु के कोच की माने तो कप्तान आर. साई किशोर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जबकि हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी। इस बयान के बाद अब क्रिकेट जगत में भूचाल आ गया है। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर और तमिलनाडु के खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने कोच सुलक्षण कुलकर्णी के बयान को गैरजिम्मेदाराना और बेकार बताया।

**चलिए जानते हैं आखिर क्या है पूरा मामला?** – तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है कि टीम रणजी ट्रॉफी 2023–24 का सेमीफाइनल शुरू होते ही हार गई थी। कप्तान आर. साई किशोर के गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले की कोच कुलकर्णी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वे विपक्षी टीम के पहले गेंदबाजी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और कप्तान के फैसले ने उन्हें चौंका दिया।

**वेटलिफ्टिंग**

# भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ की नई पहल, देश के अंदर ही प्रशिक्षकों को तैयार करेगा विदेशी कोच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी।

अब तक भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेलों की तैयारियां के लिए विदेशी प्रशिक्षक अनुबंधित किए जाते रहे हैं, लेकिन भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ अपने प्रशिक्षकों को विदेशी कोच से तैयार कराने की परंपरा आगे बढ़ाना जा रहा है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक भारतीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मिस्र के जाने वेटलिफ्टिंग कोच और एजुकेटर अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया है। हसन के इस सप्ताह भारत आने की उम्मीद है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी। अब इसे सिरे चढ़ाने के लिए अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया जा रहा है।



रश्मिका मंदाना बोलीं

## जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का कहना है कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा।

एनीमे वर्ल्ड के क्रिएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत... खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग... यह अद्भुत है! धन्यवाद जापान! वास्तव में! मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है।

## शाहरुख पर भड़क उठे राम चरण के फैंस

**अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से जुड़ा है मामला**

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्सव तो रविवार के दिन ही खत्म हो गया था लेकिन, इसकी बातें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां अब तक गुजरात के जामनगर में हुए इस कार्यक्रम की भव्यता सुर्खियों में बनी हुई थी।

वहीं अब इस कार्यक्रम के दौरान हुई एक घटना लाइमलाइट चुरा रही है। दरअसल, कोनिडेला उपासना (राम चरण की पत्नी) की मेकअप आर्टिस्ट ने शाहरुख खान पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के दौरान सलमान, शाहरुख और आमिर मंच पर आरआरआर के हिट ट्रैक नाटू नाटू पर डांस कर रहे थे। तभी शाहरुख खान ने कार्यक्रम में मौजूद राम चरण को डांस करने के लिए स्टेज पर बुलाया।



इस दौरान, शाहरुख ने मजाक करते हुए राम चरण को इडली वड़ा कहा। राम चरण ने तो कुछ नहीं कहा लेकिन, उनकी पत्नी की मेकअप आर्टिस्ट और उनके फैंस भड़क गए।

उपासना की मेकअप आर्टिस्ट जेबा हसन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, भेंड इडली वड़ा राम चरण कहां है तू इसके बाद मैं बाहर चली गई।

शादी को लेकर हुमा कुरैशी ने दिया बयान

## आजकल कई लोग शादी करने के बाद भी दुखी रहते हैं, मुझे कोई जल्दबाजी नहीं

**इन दिनों हुमा कुरैशी अपने एक नहीं बल्कि दो प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस की पॉपुलर वेब सीरीज महारानी 3 जल्द ही रिलीज होने वाली है। साथ ही वे कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे से टेलीविजन पर अपना कमबैक करेंगी।**



बातचीत के दौरान, हुमा कुरैशी ने अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं। बातों-ही-बातों में उन्होंने अपनी शादी को लेकर भी बयान दिया। अभिनेत्री की मानें तो वे शादी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती हैं। बातचीत के कुछ प्रमुख अंश-

**✷कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते हैं**

मैं अपनी प्रोफेशनल के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ पर भी बहुत ज्यादा फोकस करती हूं। लेकिन शादी को लेकर मुझे या मेरे पेरेंट्स को कोई जल्दबाजी नहीं है। मेरे हिसाब से शादी सबसे जरुरी चीज नहीं है। जब होनी होगी तब हो जाएगी। मैं तब शादी करूंगी जब मुझे राइट पार्टनर मिल जाएगा। किसी एक्सटर्नल रीजन की वजह से शादी नहीं करूंगी।

**✷मैं तो आजकल देख रही हूं कि कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते है। जब तक शादी वाली फीलिंग नहीं आती तब तक नहीं करूंगी। मैं दुःखी पार्टनर बनकर नहीं रहना चाहती।**

**✷टीवी बहुत डिमांडिंग प्रोफेशन है**

मुझे कॉमेडी सिर्फ देखना ही नहीं, बल्कि स्क्रीन पर करना भी बहुत पसंद है। मैं, पर्सनली कॉमेडी फिल्म्स को खूब एन्जॉय करती हूं। शायद मेरे करियर में मुझे कॉमेडी करने का ज्यादा मौका ही नहीं मिला। इसलिए जब मेकर्स ने मुझे इस शो का कॉन्सेप्ट सुनाया तो, मैं काफी इम्प्रेस हो गई थी। यकीन मानिए, मैंने तुरंत इसके लिए हामी भर दी।

पिछले कुछ समय से मैं काफी व्यस्त हूं। एक साथ कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं। इसी बीच टीवी के लिए वक्त निकालना आसान नहीं है। टीवी बहुत डिमांडिंग प्रोफेशन है। लेकिन ये कॉन्सेप्ट बड़ा ही इम्प्रेसिव है। वहीं सच्चाई ये भी है कि पैसे अच्छे हैं। तो सोचा क्यों ना अपने शेड्यूल को मैनेज कर लें।

**✷6 साल पहले सोनाली बेंद्रे को किया था रिप्लेस**

6 साल पहले मैंने एक रियलिटी शो में बतौर जज काम किया था। उस वक्त भी मैं टीवी करने के लिए तैयार नहीं थी। दरअसल, उस वक्त एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे को कैंसर डिटेक्ट हुआ था। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट के लिए उस शो से ब्रेक लिया था। मैंने कुछ समय के लिए उन्हें रिप्लेस किया था। उसके बाद टीवी करने का कभी दिल नहीं किया। इस बीच कोई अच्छा अवसर भी नहीं मिला।

साथ ही, कॉमेडी करना आसान नहीं है। इस शो की पूरी टीम बहुत मेहनत कर रही है। हमारे पास टैलेंटेड पर्सनालिटी हैं। कोई यूट्यूब सेंसेशन तो कोई रीजनल सिनेमा का स्टार है। मैं रियल लाइफ में भी मैडनेस की मालकिन हूं। अब जब इतने सालों बाद लौट आई हूं तो मैडनेस जरूर मचाउंगी।

**✷महारानी के बाद कई प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, राइटर को मुझ पर भरोसा होने लगा है**

पिछले 12 सालों से काम कर रही हूं लेकिन सीरीज महारानी मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट बनी। अब जाकर लगता है कि मुझे पीछे मुड़कर देखने की जरुरत नहीं। इस सीरीज के बाद कई प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, राइटर को मुझ पर भरोसा होने लगा हैं। मुझे बहुत अमेजिंग ऑफर्स मिल रहे हैं। मैं लगातार काम कर रही हूं।

अभी मेरी तीन चार प्रोजेक्ट एक साथ चल रहे हैं। एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो से भागती रहती हूं। पहले सिर्फ सुनने में आता था कि कोई एक्टर डबल शिफ्ट कर रहा है। अब समझ आ रहा है कि असल में डबल शिफ्ट क्या होती है। ये मेरे करियर का बेस्ट फेज है।

**✷पहले दिल की बात कहने से डरती थी, अब नहीं...**

महारानी में मेरा किरदार रानी बहुत सारी परेशानियों से जूझता है। उसे बहुत सारी बातें नहीं पता होती थीं। फिर भी वो सवाल हमेशा पूछती थी। जिस सरलता से रानी भारती कोई भी मुश्किल बात कह देती हैं, मैंने भी अब वह चीज सिख ली है। पहले मैं बहुत सोचती थी कि अपनी दिल की बात बोलूं या नहीं। बोल दिया तो सामने वाले को कैसा लगेगा वो मेरे बारे में क्या सोचेगा

मुझे इस बात का भी डर रहता था कि लोग मुझे कहीं गलत जज ना करें। लेकिन अब ऐसा बिलकुल नहीं हैं। मुझे लगता है कि अगर आपकी इंटेन्शन खराब नहीं है तो आपको आपकी बात रख देनी चाहिए।

**✷महारानी सीजन 3 अंत नहीं**

इस बार ऑडियंस को रानी भारती को नए अवतार में देखेंगे। जोकि पहले से और भी ज्यादा स्ट्रॉन्ग होंगी। जिस बदले का वादा दिखाकर सीजन 2 खत्म हुआ था, कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी। हालांकि, सीजन 3 इस कहानी का अंत नहीं।

## राणा दग्गुबाती ने शुरू की रजनीकांत की वेट्टैयन की शूटिंग



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में रजनीकांत के साथ कई मुख्य कलाकार हैं। वेट्टैयन एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबती भूमिका निभा रहे हैं। अब उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने फैंस के साथ साझा की।

**शूटिंग सेट पर पहुंचे राणा दग्गुबती**

दरअसल, राणा दग्गुबाती वेट्टैयन के लिए काफी उत्साहित हैं। राणा ने सोमवार, चार मार्च को इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि वह थलाइवर 170 उर्फ वेट्टैयन के सेट में शामिल हो गए हैं। शूटिंग सेट से अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में अभिनेता ने लिखा, शूटिंग का पहला दिन। आइए इसे शुरू करें। थलाइवर 170। वहीं बात करें फिल्म की कहानी के बारे में तो कहा जा रहा है कि यह सामाजिक मुद्दे पर आधारित होगी, जो सामाजिक संदेश देगी। फिल्म में रजनीकांत, राणा दग्गुबाती, फहद फासिल और अमिताभ बच्चन, रितिका सिंह, दुशारा विजयन और मंजू वारियर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। फिल्म की शूटिंग जोरों से चल रही है।

**इस भूमिका में दिखेंगे रजनीकांत**



फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में रजनीकांत एक पुलिसवाले की भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता का पुलिस की वर्दी में शूट लोकेशन पर पहुंचने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यह फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।



फरहान अख्तर की डॉन 3 में

## कियारा आडवाणी वसूल रही हैं मोटा पैसा, वॉर 2 से 50 पर्सेंट ज्यादा है फीस

कियारा आडवाणी के हाथ में दो एक्शन फिल्में हैं, जिनके लिए वह बेहद एक्साइटेड हैं। एक तो वॉर 2 और दूसरी डॉन 3, जिसमें ये जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। हालांकि इन मूवीज के लिए एक्ट्रेस ने मोटा पैसा लिया है लेकिन फरहान अख्तर की फिल्म के लिए ज्यादा फीस वसूली है। फरहान अख्तर ने जबसे डॉन 3 की लीड का ऐलान किया है, तभी से ये मूवी चर्चा में बनी हुई है। शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह और प्रियंका चोपड़ा की जगह कियारा आडवाणी को लेने की वजह से हालांकि कुछ फैन्स नाखुश हैं और कुछ बेहद एक्साइटेड। वहीं, इन सब उथल-पुथल के बीच एक्ट्रेस की फीस का भी खुलासा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि जंगली बिल्ली काफी मोटा पैसा वसूल रही हैं। कितना, जानकर होश उड़ जाएंगे।

दरअसल, फिल्म डॉन 3 में कियारा आडवाणी अहम भूमिका निभाती दिखाई देंगी। खबर थी कि पहले कृति सेनन को चुना जा रहा था। मगर बाद में कियारा का नाम फाइनल हुआ। दोनों का नाम शॉर्टलिस्ट हुआ लेकिन रणवीर सिंह, कियारा को मूवी में लेने के लिए एक्साइटेड थे। दोनों का ऑफ स्क्रीन अच्छा बॉन्ड है। इसीलिए शायद एक्टर ने कियारा के लिए हां कहा। फिर फरहान एक्ट्रेस के पास गए और उन्हें उनका रोल बताया, जिसके लिए वह भी राजी हो गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सोर्स ने बताया है कि कियारा आडवाणी इस मूवी के लिए एक मोटी फीस ले रही हैं। मेकर्स ने उन्हें उनके करियर का सबसे बड़ा पेमेंट चेक दिया है। दावा किया गया है कि डॉन 3 के लिए कियारा आडवाणी ने 13 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी फीस है और एक्ट्रेस ने एक्शन सीन्स की तैयारी के लिए पूरी फीस वसूल ली है। इतना ही नहीं, दावा ये भी किया गया है कि वॉर 2 के लिए मिल रही फीस से ये 50 प्रतिशत अधिक है।

अंशुल गर्ग के अगले सिंगल वे पगला में

## बिग बॉस 17 की ईशा मालविया आयेंगी नज़र

अंशुल गर्ग पिछले कुछ समय से अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत इंडस्ट्री को संगीत रत्न दे रहे हैं। इस साल पहले ही, निर्माता ने बिग बॉस 17 के प्रतियोगियों के साथ दो चार्टबस्टर दिए हैं- अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा के साथ सांवरे, और मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की हल्की सी। और अब, अंशुल सीज़न के एक और प्रतियोगी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जैसा कि उन्होंने खुलासा किया है उनके अगले सिंगल वे पगला का फर्स्ट लुक, जिसमें ईशा मालविया नजर आ रही हैं। यह गाना बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद ईशा का पहला प्रोजेक्ट है और उडारियां अभिनेत्री वे पगला के फर्स्ट लुक पोस्टर में गायक और सह-कलाकार प्रीतिंदर के साथ मनमोहक लग रही हैं। गाना प्यार की मासूमियत को सामने लाता है और पोस्टर में ईशा और प्रीतिंदर की प्यारी केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने के लिए ईशा के साथ सहयोग करने के बारे में बात करते हुए, अंशुल ने कहते हैं कि, डीएमएफ में, बिग बॉस के प्रतियोगियों के साथ हमारा ट्रैक रिकॉर्ड अभूतपूर्व रहा है, और मुझे यकीन है कि वे पगला इस ट्रेंड को कंटिन्यू रखेगा। ईशा ने बिग बॉस 17 में अपने आकर्षण से दर्शकों का दिल जीता और इस गाने में वह खूबसूरती से सामने आई हैं। उनके साथ सहयोग करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत था। प्रीतिंदर के साथ ईशा की केमिस्ट्री भी बहुत शानदार है और इस गाने में उनकी जादुई आवाज निश्चित रूप से दर्शकों को प्यार की मासूमियत का एहसास कराएगी। इस गाने का टीजर गुरुवार को रिलीज़ किया जाएगा। वे पगला में ईशा के साथ प्रीतिंदर हैं, जिन्होंने गाना भी गाया है। संगीत रजत नागपाल ने दिया है और गीत परम ने लिखे हैं। सत्ती ढिल्लों ने संगीत वीडियो का निर्देशन किया है और इसे अंशुल गर्ग ने अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत प्रस्तुत किया है।



## माँ बनने वाली हैं कैटरीना

कुछ समय पूर्व ही दीपिका पादुकोण ने अपने प्रशंसकों को स्वयं माँ बनने का समाचार दिया था। इन समाचार को मीडिया ने चर्चाओं में ला दिया था। अब ऐसा ही कुछ कैटरीना कैफ के साथ हो रहा है। सिने उद्योग के मशहूर कपल में शुमार रहे विक्की कौशल और कैटरीना कैफ को लेकर भी कुछ ऐसे ही संकेत मिलने लगे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। ये अटकलें उनकी कुछ लेटेस्ट तस्वीरों के सामने आने के बाद लग रही हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इन फोटो में कैटरीना ने एयरपोर्ट जाते वक्त खुद को दुपट्टे से ढका हुआ था। उन्होंने इस दौरान पिंक अनारकली ड्रेस पहनी थी। कैटरीना ने आंखों पर ब्लैक गॉगल्स लगा रखे थे। इस ट्रेडिशनल लुक में वह बेहद क्लासी लग रही थीं। कैटरीना का आउटफिट देख लोग उनसे गुडन्यूज की उम्मीदें पालने लगे हैं। कैटरीना ने ढीले आउटफिट के साथ जूतियां पहनी थीं। कैटरीना पिछले दिनों भी ढीले आउटफिट में नजर आई थीं। तस्वीरें देखने के बाद लोग खूब कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, ये बार-बार दुपट्टा क्यों सही कर रही हैं, प्रेग्नेंट हैं क्या कैटरीना और विक्की ने साल 2021 में राजस्थान के रणथंभोर में शादी रचाई थी। दोनों ने परिवार और खास दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। कैटरीना की प्रेग्नेंसी को लेकर पहले भी कई दफा कयास लगाए जा चुके हैं।

## फिल्म इंडस्ट्री में अपने 19 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं तमन्ना भाटिया

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 19 साल पूरे कर लिए हैं। एक्ट्रेस ने अपनी लगन और मेहनत से मनोरंजन जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। तमन्ना भाटिया की पहली फिल्म चांद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज हुई थी। हालांकि, तमन्ना ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर तमन्ना ने अपने फैंस के पोस्ट दोबारा पोस्ट किए। जिसमें उनके फैंस ने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में 19 साल पूरे करने पर बधाई दी थी। एक्ट्रेस ने इसके लिए अपने सभी चाहने वालों को धन्यवाद दिया। एक पोस्ट में तमन्ना ने लिखा, अभी तो यह केवल शुरुआत है। रविवार रात तमन्ना की दोस्त काजल अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर बधाई देने के लिए एक्स पर कहा, फिल्म जगत में लगभग 2 दशक पूरे होने पर प्यारी तमन्ना भाटिया को बहुत-बहुत बधाई। तमन्ना की चांद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज हुई थी।

